<u>भारत के राजपत्र असाधारण के भाग-I, खंड-I में प्रकाशनार्थ</u>

फा. सं. 6/31/2023-डीजीटीआर

भारत सरकार

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

वाणिज्य विभाग

(व्यापार उपचार महानिदेशालय)

चौथा तल, जीवन तारा बिल्डिंग,

संसद मार्ग, नई दिल्ली- 110001

****

दिनांक: 21 मार्च, 2025

<u>अंतिम जांच परिणाम</u>

<u>मामला सं. ओआई - 29/2023</u>

विषय: चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "किसी भी रूप में प्रीटिलाक्लोर और इसके मध्यवर्ती - 2,6-डायथाइल-एन-(2-प्रोपॉक्सी इथाइल) एनिलीन (जिसे पीईडीए भी कहा गया है)" के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच के अंतिम जांच परिणाम।

फा. सं. 6/31/2023-डीजीटीआर: समय-समय पर यथासंशोधित सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 (जिसे आगे अधिनियम भी कहा गया है) और उसकी समय-समय पर यथासंशोधित सीमा शुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं की पहचान उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन और संग्रहण तथा क्षति निर्धारण) नियमावली,1995 (जिसे आगे एडी नियमावली या पाटनरोधी नियमावली या नियमावली भी कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए:

क. <u>मामले की पृष्ठभूमि</u>

1. यत: मेसर्स इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड (जिसे आगे आवेदक कहा गया है) ने घरेलू उद्योग की ओर से, अधिनियम और नियमावली के अनुसार, चीन जन. गण. (जिसे आगे संबद्ध देश कहा गया है) के मूल के अथवा वहां से निर्यातित **"प्रीटिलाक्लोर अपने किसी भी रूप में और इसके मध्यवर्ती - 2,6-डायथाइल-एन-(2-प्रोपॉक्सी एथाइल)**

एनिलीनीन (जिसे पीईडीए भी कहा गया है)" (जिसे आगे संबद्ध वस्तु कहा गया है) के आयात के संबंध में पाटनरोधी जांच शुरू करने के लिए निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिन्हें आगे प्राधिकारी कहा गया है) के समक्ष एक विधिवत रूप से साक्ष्यांकित आवेदन दायर किया है और पाटनरोधी शुल्क लगाने का अनुरोध किया है।

2. और यत:, प्राधिकारी ने आवेदक द्वारा प्रस्तुत प्रथमदृष्टया साक्ष्य के आधार पर भारत के राजपत्र, असाधारण के भाग-I, खंड-I में प्रकाशित अधिसूचना संख्या 6/31/2023-डीजीटीआर दिनांक 29 मार्च, 2024 के माध्यम से एक सार्वजनिक सूचना जारी की जिसके अंतर्गत नियमावली के नियम 5 के साथ पठित सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम की धारा 9क के अनुसार संबद्ध जांच की शुरूआत की गई ताकि उक्त संबद्ध देश के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु की कथित पाटन की मौजूदगी, मात्रा और प्रभाव का निर्धारण किया जा सके और पाटनरोधी शुल्क की ऐसी उचित राशि की सिफारिश की जा सके, जिसे यदि लगाया जाए तो वह घरेलू उद्योग को हुई कथित क्षति को दूर करने के लिए पर्याप्त होगी।

ख. <u>प्रक्रिया</u>

3. इस जांच के संबंध में नीचे वर्णित प्रक्रिया का पालन किया गया है:

क. प्राधिकारी ने एडी नियमावली के नियम 5(5) के अनुसार जांच शुरू करने से पहले वर्तमान आवेदन की प्राप्ति के बारे में भारत में संबद्ध देश के दूतावास को सूचित किया।

ख. प्राधिकारी ने संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के आयात के संबंध में जांच शुरू करते हुए भारत के राजपत्र, असाधारण के भाग-I, खंड-I में प्रकाशित दिनांक 29 मार्च, 2024 को एक अधिसूचना जारी की।

ग. नियम 6(2) के अनुसार, प्राधिकारी ने आवेदक द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार भारत में संबद्ध देश के दूतावास, संबद्ध देश के ज्ञात उत्पादकों और निर्यातकों, भारत में ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं और अन्य अन्य हितबद्ध पक्षकारों को जांच शुरूआत की एक-एक प्रति भेजी। हितबद्ध पक्षकारों को जांच शुरूआत अधिसूचना में विहित प्रपत्र और ढंग से संगत जानकारी प्रदान करने और जांच शुरूआत अधिसूचना में विहित समय सीमा के भीतर लिखित रूप में अपने अनुरोधों से अवगत कराने के लिए कहा गया।

घ. प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 6(3) के अनुसार आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के अगोपनीय अंश की एक प्रति ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों, ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं तथा भारत में संबद्ध देश के दूतावास को उपलब्ध कराई।

ड. भारत में संबद्ध देश के दूतावास को उत्पादकों/निर्यातकों को भेजे गए पत्र तथा प्रश्नावली की एक प्रति भेजी गई, जिसमें अनुरोध किया गया कि वे अपने देश के निर्यातकों/उत्पादकों को प्रश्नावली के उत्तर जांच शुरूआत अधिसूचना द्वारा विहित समय-सीमा के भीतर प्रस्तुत करने की सलाह दें।

च. हितबद्ध पक्षकारों को प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत दस्तावेज के अगोपनीय अंश के परिचालन के 7 दिनों के भीतर घरेलू उद्योग द्वारा दावा किए गए गोपनीयता के मुद्दों पर अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया था।

छ. प्राधिकारी ने प्रस्तावित शुल्कों के आर्थिक प्रभाव पर इनपुट प्राप्त करने के लिए हितबद्ध पक्षकारों को एक आर्थिक हित प्रश्नावली (जिसे आगे "ईआईक्यू" कहा गया है) भी जारी की।

ज. प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार संबद्ध देश में निम्नलिखित ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को प्रश्नावलियां भेजीं:

i. एग्रोसोर्स कंपनी लिमिटेड
ii. चाइना जियांग्सू इंटरनेशनल
iii. डेमेटर क्रॉपसाइंस लिमिटेड
iv. ईस्टकेम कंपनी लिमिटेड
v. एफजे एग्रोकेमिकल्स कंपनी लिमिटेड
vi. हांग्जो कैयी केमिकल कंपनी लिमिटेड
vii. हांग्जो न्यूट्रीकेम कंपनी लिमिटेड
viii. हांग्जो किंगफेंग एग्रोकेमिकल कंपनी लिमिटेड
ix. आईप्रोकेम कंपनी लिमिटेड
x. जियांग्सू सनशेयर ग्रुप कंपनी लिमिटेड
xi. माइक्रोकेम ग्लोबल लिमिटेड
xii. माइक्रोकेम स्पेशलिटीज ट्रेड लिमिटेड
xiii. नान्चॉन्ग वेइलिक केमिकल कंपनी लिमिटेड
xiv. पैसिफिक स्पॉट लिमिटेड
xv. शेडोंग बिनॉन्ग टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड
xvi. शेडोंग किआओचांग मॉडर्न
xvii. शंघाई एग्रोट्री केमिकल कंपनी लिमिटेड
xviii. शंघाई ई-टोंग केमिकल कंपनी लिमिटेड
xix. शेनझोउ केमिकल (शेन्ज़ेन) कंपनी लिमिटेड
xx. सिनोकेम फार्मास्युटिकल कंपनी लिमिटेड
xxi. सिनोलाइट इंडस्ट्रियल कंपनी लिमिटेड

xxii. यू लाइक ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड
xxiii. विलोवुड लिमिटेड
xxiv. झेजियांग हैंगडियन इंप. एंड एक्सप. कंपनी लिमिटेड
xxv. झेजियांग यूशेंग इंडस्ट्री ट्रेड कंपनी लिमिटेड

झ. उपर्युक्त अधिसूचना के प्रत्युत्तर में, संबद्ध देश से विचाराधीन उत्पाद के निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने हितबद्ध पक्षकार के रूप में पंजीकरण कराय है।

i. शेडोंग क़ियाओचांग मॉडर्न इंटरनेशनल कंपनी लिमिटेड
ii. क़ियाओचांग मॉडर्न एग्रीकल्चर कंपनी लिमिटेड
iii. क्यूसीसी शंघाई कंपनी लिमिटेड
iv. कैपिटल इंडस्ट्री कंस्ट्रक्शन टेक कंपनी लिमिटेड
v. लायन एग्रीवो (नान्चॉन्ग) कंपनी लिमिटेड, चीन जन. गण.
vi. नोवाटिक केम कंपनी लिमिटेड, चीन जन. गण.
vii. हांग्जो न्यूट्रीकेम कंपनी लिमिटेड, चीन जन. गण.
viii. इनर मंगोलिया लैंग बायोटेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड, चीन जन. गण.
ix. शंघाई एग्रोट्री केमिकल कंपनी लिमिटेड, चीन जन. गण.
x. अनहुई फ़ुटियन एग्रोकेमिकल कंपनी लिमिटेड, चीन जन. गण.
xi. कुशान राइजिंग केमिकल कंपनी लिमिटेड, चीन जन. गण.
xii. माइक्रोकेम स्पेशलिटीज़ ट्रेड लिमिटेड, चीन जन. गण.

ञ. संबद्ध जांच की जांच शुरूआत अधिसूचना के उत्तर में, संबद्ध देश के निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत करके जवाब दिया है:

i. शेडोंग कियाओचांग मॉडर्न इंटरनेशनल कंपनी, लिमिटेड
ii. कियाओचांग मॉडर्न एग्रीकल्चर कंपनी, लिमिटेड
iii. क्यूसीसी शंघाई कंपनी, लिमिटेड
iv. कैपिटल इंडस्ट्री कंस्ट्रक्शन टेक. कंपनी लिमिटेड
v. लायन एग्रेवो (नान्चॉन्ग) कंपनी, लिमिटेड, चीन जन. गण.
vi. नोवाटिक केम कंपनी, लिमिटेड, चीन जन. गण.
vii. हांग्जो न्यूट्रीकेम कंपनी, लिमिटेड, चीन जन. गण.
viii. इनर मंगोलिया लैंग बायोटेक्नोलॉजी कंपनी, लिमिटेड, चीन जन. गण.
ix. शंघाई एग्रोट्री केमिकल कंपनी, लिमिटेड, चीन जन. गण.
x. अनहुई फ्यूटियन एग्रोकेमिकल कंपनी, लिमिटेड, चीन जन. गण.
xi. कुशान राइजिंग केमिकल कंपनी, लिमिटेड, चीन जन. गण.

xii. माइक्रोकेम स्पेशलिटीज ट्रेड लिमिटेड, चीन जन. गण.

ट. प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार, भारत में संबद्ध वस्तु के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं को आवश्यक जानकारी मांगते हुए प्रश्नावली भेजी थी।

i. एग्रो एलाइड वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड
ii. अनु प्रोडक्ट्स लिमिटेड
iii. बेस्ट एग्रोकेम प्राइवेट लिमिटेड
iv. बेस्ट एग्रोलाइफ लिमिटेड
v. क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड
vi. डागा क्रॉप केयर प्राइवेट लिमिटेड
vii. हेरानबा इंडस्ट्रीज लिमिटेड
viii. हिंद एग्रो केयर लिमिटेड
ix. एचपीएम केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड
x. इचिबन क्रॉप साइंस लिमिटेड
xi. इंसेक्टिसाइड्स (इंडिया) लिमिटेड
xii. इंडोगल्फ क्रॉपसाइंसेज लिमिटेड
xiii. कृषि रसायन एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
xiv. किंगटेक बायो केम प्राइवेट लिमिटेड
xv. ओएफबी टेक प्राइवेट लिमिटेड
xvi. एनएसीएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड
xvii. रोल एग्रीकेम प्राइवेट लिमिटेड
xviii. पारिजात इंडस्ट्रीज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड
xix. श्री राम एग्रो इंडिया
xx. सेफेक्स केमिकल्स (इंडिया) लिमिटेड
xxi. यूनिवर्सल एग्रो केमिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड
xxii. सनग्रो इंसेक्टिसाइड्स प्राइवेट लिमिटेड
xxiii. क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड
xxiv. रॉस लाइफसाइंस लिमिटेड
xxv. केआर लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड
xxvi. जेयू एग्री साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड
xxvii. महामाया लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड
xxviii. कृषि रसायन एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
xxix. विलोवुड केमिकल्स लिमिटेड
xxx. ट्रॉपिकल एग्रोसिस्टम प्राइवेट लिमिटेड

ठ. निम्नलिखित आयातकों/प्रयोक्ताओं ने स्वयं को हितबद्ध पक्षकारों के रूप में पंजीकृत कराया है:

i. क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड
ii. विलोवुड केमिकल्स लिमिटेड
iii. कृषि रसायन एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड
iv. यूनिवर्सल एग्रो केमिकल्स इंडस्ट्रीज
v. एचपीएम केमिकल एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड

ड. निम्नलिखित आयातकों/प्रयोक्ताओं ने प्राधिकारी को प्रश्नावली के उत्तर प्रस्तुत किए हैं:

i. एचपीएम केमिकल एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड
ii. क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड
iii. यूनिवर्सल एग्रो केमिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड

ढ. चीन जन. गण. के निम्नलिखित उत्पादक/निर्यातक एसोसिएशन ने स्वयं को हितबद्ध पक्षकार के रूप में पंजीकृत किया है और लिखित अनुरोध किए हैं:

i. चाइना क्रॉप प्रोटेक्शन इंडस्ट्री एसोसिएशन ("सीसीपीआईए"), एसोसिएशन

ण. वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ जांच अवधि (पीओआई) 1 अक्टूबर, 2022 से 30 सितंबर, 2023 (12 महीने) की है। क्षति जांच अवधि में 1 अप्रैल, 2020 - 31 मार्च, 2021, 1 अप्रैल, 2021 - 31 मार्च, 2022, 1 अप्रैल, 2022 - 31 मार्च, 2023 और जांच अवधि शामिल है।

त. डीजी सिस्टम से क्षति अवधि और जांच अवधि के लिए संबद्ध वस्तु के आयात का सौदावार ब्यौरा प्रदान करने का अनुरोध किया गया था। इसे प्राधिकारी द्वारा प्राप्त किया गया और जांच की शुरूआत के स्तर के साथ-साथ अंतिम जांच परिणाम के लिए ऊपर विचार किया गया।

थ. हितबद्ध पक्षकारों को पीयूसी और पीसीएन पद्धति के दायरे पर अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत करने के लिए सूचना पत्र परिचालित करने की तारीख से 15 दिन का समय दिया गया था, जिसे कुछ हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध पर 21 मई, 2024 तक आगे बढ़ा दिया गया था। हितबद्ध पक्षकारों से टिप्पणियां और अनुरोध प्राप्त हुए थे, जिनकी प्राधिकारी द्वारा विधिवत रूप से जांच की गई थी।

द. प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद और प्रस्तावित उत्पाद नियंत्रण संख्या (पीसीएन) पर चर्चा करने के लिए सभी हितबद्ध पक्षकारों के साथ 10 जुलाई, 2024 को चर्चा की। हितबद्ध पक्षकारों से इनपुट प्राप्त करने के बाद, प्राधिकारी ने 06 अगस्त, 2024 की अधिसूचना के माध्यम से पीयूसी के दायरे को अंतिम रूप दिया। प्राधिकारी ने प्रश्नावली

के उत्तर प्रस्तुत करने के लिए हितबद्ध पक्षकारों को 06 अगस्त, 2024 से 30 दिनों का समय दिया, जिसे कतिपय हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध पर 12 सितंबर, 2024 तक आगे बढ़ाया गया था।

ध. नियमावली के नियम 6(6) के अनुसार, प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों को 22 अक्टूबर, 2024 को आयोजित सार्वजनिक सुनवाई में संबद्ध जांच के बारे में मौखिक रूप से अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया। मौखिक सुनवाई में अपने विचार प्रस्तुत करने वाले हितबद्ध पक्षकारों से अनुरोध किया गया कि वे मौखिक रूप से व्यक्त किए गए विचारों के लिखित अनुरोध प्रस्तुत करें, इसके बाद खंडन यदि कोई हो, प्रस्तुत करें। हितबद्ध पक्षकारों को लिखित अनुरोध के अगोपनीय अंश को अन्य हितबद्ध पक्षकारों के साथ साझा करने का भी निर्देश दिया गया था।

न. क्षतिरहित कीमत (जिसे आगे "एनआईपी" भी कहा गया है) को सामान्य रूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) और एडी नियम, 1995 के अनुबंध III के के अनुसार घरेलू उद्योग द्वारा रखे गए रिकार्डों के आधार पर भारत में संबद्ध वस्तु की उत्पादन की लागत और नियोजित पूंजी पर तर्कसंगत आय के आधार पर निर्धारित किया गया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से कमतर पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को हुई क्षति को समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगा।

प. घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत सूचना की आवश्यक समझी गई सीमा तक जांच और मौके पर सत्यापन किया गया है तथा वर्तमान जांच परिणाम में उस पर भरोसा किया गया है।

फ. संबद्ध देश के सहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना की जांच और सत्यापन भी आवश्यक समझी गई सीमा तक किया गया था तथा वर्तमान जांच परिणाम के लिए उस पर भरोसा किया गया है।

ब. प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा पारस्परिक आधार पर प्रस्तुत साक्ष्यों का अगोपनीय अंश व्यापार सूचना संख्या 01/2020 दिनांक 10 अप्रैल, 2020 के माध्यम से निर्धारित तरीके से उपलब्ध कराया। हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान की गई सूचना/अनुरोध की ऐसे गोपनीयता की दावों की पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई थी।

भ. प्राधिकारी ने इस स्तर पर सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए सभी तर्कों और प्रदत्त सूचना पर उस सीमा तक विचार किया है जहां तक वे साक्ष्य द्वारा समर्थित हैं और वर्तमान जांच से संगत समझी गई हैं।

म. जहां कहीं भी किसी हितबद्ध पक्षकार ने वर्तमान जांच की प्रक्रिया के दौरान आवश्यक सूचना देने से मना किया या अन्यथा उसे प्रदान नहीं किया है अथवा जांच में अत्यधिक बाधा डाली है, वहां प्राधिकारी ने ऐसे पक्षकारों को असहयोगी माना है और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर वर्तमान अंतिम जांच परिणाम दर्ज किए हैं।

य. नियम 16 के अनुसार, जांच के आवश्यक तथ्य ज्ञात हितबद्ध पक्षों को दिनांक 5 मार्च, 2025 के प्रकटीकरण विवरण के माध्यम से प्रकट किए गए थे और उन पर प्राप्त टिप्पणियां, जिन्हें प्राधिकारी द्वारा प्रासंगिक माना गया था, वर्तमान अंतिम जांच परिणाम में दर्ज किए हैं।

कक. इस अंतिम जांच परिणाम में '***' किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर दी गई और एडी नियमावली के नियम, 1995 के नियम 7 के अंतर्गत गोपनीय मानी गई सूचना को दर्शाता है।

खख. प्राधिकारी द्वारा संबद्ध जांच के लिए अपनाई गई विनिमय दर 1 अमेरिकी डॉलर = 83.21 रुपए है।

ग. <u>विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु</u>

4. जांच शुरूआत के समय यथा परिभाषित विचाराधीन उत्पाद (जिसे आगे "पीयूसी" भी कहा गया है) निम्नानुसार था:

*"3. वर्तमान याचिका में विचाराधीन उत्पाद किसी भी रूप में **प्रीटिलाक्लोर और उसका मध्यवर्ती "2,6-डायथाइल-एन-(2-प्रोपॉक्सी एथाइल) एनिलिन" (जिसे पीईडीए भी कहा जाता है)** है।*

4. प्रीटिलाक्लोर एक तरल रसायन है जिसका उपयोग चावल की खेती में खरपतवारों को नियंत्रित करने के लिए शाकनाशी नुस्खा बनाने के लिए किया जाता है। यह रंगहीन और गंधहीन तरल होता है। प्रीटिलाक्लोर के उत्पादन के लिए आवश्यक मूल कच्ची सामग्री 2- प्रोपॉक्सीएथाइल क्लोराइड और 2,6 डायथाइल एनिलिन हैं। तकनीकी रूप में प्रीटिलाक्लोर का उत्पादन करने के लिए पीईडीए को क्लोरो एसिटाइल क्लोराइड और सोडा ऐश के साथ संसाधित किया जाता है।

<u>माप की इकाई</u>

5. विचाराधीन उत्पाद किलोग्राम या एमटी में व्यक्त भार के अनुसार उत्पादित किया और बेचा जाता है।

<u>उपयोग</u>

6. पीईडीए का उपयोग प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के उत्पादन के लिए किया जाता है। प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल का उपयोग प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन के उत्पादन के लिए किया जाता है, जिसका उपयोग शाकनाशी के रूप में किया जाता है।

7. प्रीटिलाक्लोर एक प्री-इमर्जेंस हर्बिसाइड है जो चावल में सभी प्रकार के खरपतवारों का नाश करता है।

<u>टैरिफ वर्गीकरण</u>

8. विचाराधीन उत्पाद का सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 के अंतर्गत कोई समर्पित वर्गीकरण नहीं है और इसे निम्नलिखित कोडों के तहत वर्गीकृत किया गया है - ***3808 9199, 3808 9390, 3808 9910, 3808 9990, 2921 4290, 2922 1990 और 2922 2990।***

सीमा शुल्क वर्गीकरण कोड केवल सांकेतिक हैं और वर्तमान जांच के दायरे पर बाध्यकारी नहीं हैं।"

ग.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

5. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के दायरे के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. पीईडीए और प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल को पीयूसी के अधीन एक ही उत्पाद नहीं माना
जा सकता, क्योंकि वे अलग-अलग विशेषताओं वाले अलग-अलग उत्पाद हैं।

ii. पीईडीए और प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल रासायनिक और तकनीकी रूप से दो अलग-अलग उत्पाद हैं, जिन्हें अलग-अलग उत्पाद नियंत्रण संख्या (पीसीएन) की आवश्यकता है। वे रासायनिक सूत्र, आणविक भार, घनत्व, क्वथनांक और फ़्लैश पॉइंट के संदर्भ में भिन्न हैं। इसके अलावा, पीईडीए से 'प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल' के उत्पादन में 10-20 प्रतिशत के बीच महत्वपूर्ण मूल्यवर्धन शामिल है।

iii. आवेदक के अनुरोध के विपरीत, पीईडीए को प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल में बदलने में अनेक जटिल रासायनिक प्रतिक्रियाएं शामिल हैं और यह एक सीधी प्रक्रिया नहीं है। मशीनरी, निवेश का स्तर, एचएस कोड, उत्पाद की प्रकृति, प्रमुख कच्ची

सामग्री, उत्पादन प्रक्रिया और प्रमुख उत्पादकों की संख्या प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल और पीईडीए दोनों के लिए अलग-अलग हैं।

iv. संभावित भावी आयातों की आशंका के आधार पर प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन पर पाटनरोधी शुल्क लगाना कानून के अंतर्गत अनावश्यक है। निर्यातकों को प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन के निर्यात के लिए पात्र होने के लिए केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड और पंजीकरण समिति (सीआईबीआरसी) के साथ अनिवार्य पंजीकरण प्राप्त करना आवश्यक है और अब तक, किसी भी निर्यातक को ऐसा पंजीकरण नहीं दिया गया है। आवेदक ने आवेदन में यह जानकारी छिपाई है कि प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन के आयात के लिए एक विशिष्ट लाइसेंस की आवश्यकता होती है।

v. प्राधिकारी ने वर्तमान मामले में कोई पीसीएन पद्धति नहीं अपनाई है। पीयूसी के दायरे में प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन को शामिल करने के बारे में कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है।

vi. यदि पीईडीए और प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल को पीयूसी के दायरे में शामिल किया जाना है, तो उन्हें अलग-अलग पीसीएन के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाना चाहिए।

ग.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

6. आवेदक ने विचाराधीन उत्पाद के दायरे और समान वस्तु के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. डब्ल्यूटीओ पाटनरोधी करार और सीवीडी नियमावली दोनों ही उत्पाद को परिभाषित करने या विचाराधीन उत्पाद के दायरे में उत्पाद प्रकारों के आंतरिक रूप से समरूप होने की कोई आवश्यकता प्रदान नहीं करते हैं।

ii. पीईडीए का कोई स्वतंत्र उपयोग नहीं है, क्योंकि इसकी पूरी खपत प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के उत्पादन के लिए समर्पित है।

iii. पीईडीए का प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल में रूपांतरण एक एकल - चरण रासायनिक प्रक्रिया है जिसके लिए भारी निवेश या बड़ी संख्या में मशीनों की आवश्यकता नहीं होती है।

iv. यदि पीयूसी का दायरा पीईडीए तक सीमित है, तो कोई भी पीईडीए उत्पादक/निर्यातक आसानी से भारतीय बाजार में उत्पाद का निर्यात करने के लिए प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल उत्पादन सुविधा स्थापित कर सकता है। आवेदक ने कहीं भी यह तर्क नहीं दिया है कि पीईडीए और प्रीटिलाक्लोर का एक दूसरे के स्थान पर उपयोग किया जाता है।

v. वर्तमान जांच के तथ्य **चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित ओफ़्लॉक्सासिन और उसकी मध्यवर्ती वस्तुओं के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच**[1] के तथ्यों के समान हैं।

vi. प्राधिकारी ने विभिन्न पिछली जांचों में एक विचाराधीन उत्पाद के भीतर मध्यवर्ती और अंतिम उत्पाद को शामिल किया है। इनमें से कुछ जांच हैं, ओफ़्लॉक्सासिन[2], चीन जन. गण. और कोरिया गणराज्य से क्लोरीनेटेड पॉलीविनाइल क्लोराइड (सीपीवीसी) रेजिन - चाहे यौगिक में आगे प्रसंस्कृत हो अथवा नहीं[3], **चीन जण. गण., श्रीलंका और वियतनाम से कॉम्पैक्ट फ्लोरोसेंट लैंप सीएफएल[4], मलेशिया, चीन जन. गण., चीनी ताइपे और यूएसए से सोलर सेल चाहे मॉड्यूल या पैनल में आंशिक रूप से पूरी तरह से या ग्लास या कुछ अन्य उपयुक्त सबस्ट्रेट्स पर संयोजित हों अथवा नहीं[5], जापान और कतर से कास्टिक सोडा[6], चीन जन. गण., कोरिया गणराज्य, यूरोपीय संघ, जापान, ताइवान, इंडोनेशिया, यूएसए, थाईलैंड, दक्षिण अफ्रीका, यूएई, हांगकांग, सिंगापुर, मैक्सिको, वियतनाम और मलेशिया से स्टेनलेस स्टील के फ्लैट रोल्ड उत्पाद[7], रूस से पॉलीटेट्राफ्लु ओरोथिलीन (पीटीएफई)[8] और चीन जन. गण., इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड से 80 माइक्रोन या उससे कम की अल्युमोनियम फोइल[9] ।**

vii. जब कोई आयातक प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के लिए सीआईबीआरसी लाइसेंस प्राप्त कर सकता है, तो वह प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन के लिए भी लाइसेंस प्राप्त कर सकता है। किसी भी प्रयोक्ता ने प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन को आयात करने का लाइसेंस नहीं लिया है, क्योंकि प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल फॉर्म उपलब्ध है और

---

[1] 6/12/2021-डीजीटीआर (https://www.dgtr.gov.in/anti-dumping-cases/anti-dumping-investigation-concerning-imports-%E2%80%9Cofloxacin-and-its-intermediates%E2%80%9D)

[2] तदैव

[3] ओ.आई.03/2019. (https://www.dgtr.gov.in/anti-dumping-cases/anti-dumping-investigation-concerning-imports-%E2%80%98chlorinated-polyvinyl-chloride)

[4] 14/1/2007 -डीजीएडी (https://www.dgtr.gov.in/anti-dumping-cases/compact-fluorescent-lamps-cfl-china-pr-sri-lanka-and-vietnam)

[5] 14/5/2012-डीजीएडी. (https://www.dgtr.gov.in/anti-dumping-cases/solar-cells-whether-or-not-assembled-partially-or-fully-modules-or-panels-or)

[6] 14/31/2015-डीजीएडी (https://www.dgtr.gov.in/anti-dumping-cases/initiation-antidumping-investigation-against-import-caustic-soda-originating-or)

[7] 6/12/2019-डीजीएडी (https://www.dgtr.gov.in/anti-dumping-cases/anti-dumping-investigation-concerning-imports-flat-rolled-products-stainless)

[8] 24/1/98-डीजीएडी (https://www.dgtr.gov.in/anti-dumping-cases/polytetrafluoroethylene-ptfe-russia)

[9] 06/21/2020-डीजीटीआर (https://www.dgtr.gov.in/anti-dumping-cases/anti-dumping-investigation-concerning-imports-aluminium-foil-80-micron-and-below)

प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन की तुलना में प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल को आयात करना वाणिज्यिक रूप से विवेकपूर्ण है।

viii. आवेदक ने अपने आवेदन में प्रकटन किया है कि प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन के आयात के लिए सीआईबीआरसी लाइसेंस की आवश्यकता होती है।

ix. प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल और प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन के बीच कोई कानूनी रूप से कोई विभाजन रेखा नहीं है। प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल वह उच्चतम सांद्रता रेंज है जिसमें उत्पाद को रासायनिक प्रतिक्रिया/प्रक्रिया में संश्लेषित किया जा सकता है। प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन वह सांद्रता/उत्पाद रूप है जिसमें खेतों पर वास्तविक अनुप्रयोग किया जाएगा। विभिन्न उत्पादकों के लिए सांद्रता अलग-अलग हो सकती है।

x. ***मेसर्स हुआवेई टैक्नोलॉजीज कंपनी लिमिटेड बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी***[10] के मामले में, सेस्टेट ने माना था कि पीयूसी के दायरे को इस तरह से परिभाषित किया जाना चाहिए कि उसमें प्रवंचना से बचाव हो सके।

xi. प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल और प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन अलग-अलग उत्पाद नहीं हैं, बल्कि एक ही उत्पाद के अलग-अलग रूप हैं।

xii. प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल से प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन का उत्पादन एक वृद्धिशील चरण है जिसमें कम मूल्यवर्धन और सॉल्वैंट्स का वर्धन शामिल है।

xiii. इस तर्क का कोई कानूनी आधार नहीं है कि प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन को भारत में

आयात नहीं किया जा सकता है और यह "आयात योग्य" नहीं है।

xiv. आवेदक ने प्राधिकारी को गुमराह नहीं किया है और अपने आवेदन के हिस्से के रूप में ही यह प्रकटन किया है कि प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन के आयात के लिए प्रयोक्ताओं को पहले सीआईबीआरसी में स्रोत पंजीकृत करवाना होगा।

xv. पीईडीए से प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल में रूपांतरण में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा पहचाने गए अनेक चरणों में "शीतलन", "पिछली प्रक्रिया को जारी रखना", "पिछली प्रक्रिया की जांच करना", "नमूना भेजना" और "पैकिंग" जैसे चरण शामिल हैं।

ग.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

7. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के संबंध में घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों की निम्नानुसार जांच की गई है:

[10] 2011 (273) ईएलटी 293 (टीआरआई - डीईएल)

i. प्रीटिलाक्लोर एक तरल रसायन है जिसका उपयोग चावल की खेती में खरपतवार को नियंत्रित करने के लिए शाकनाशी फॉर्मूलेशन बनाने के लिए किया जाता है। यह एक रंगहीन और गंधहीन तरल है। पीईडीए के उत्पादन के लिए आवश्यक मूल कच्ची सामग्री 2- प्रोपोक्सी एथाइल क्लोराइड और 2,6 डायथाइल एनिलीन हैं। तत्पश्चात पीईडीए को क्लोरो एसिटाइल क्लोराइड और सोडा ऐश के साथ संसाधित किया जाता है ताकि तकनीकी रूप में प्रीटिलाक्लोर का उत्पादन किया जा सके। प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल वह उच्चतम सांद्रण रेंज है जिसमें उत्पाद को रासायनिक प्रतिक्रिया में संश्लेषित किया जा सकता है। प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन वह सांद्रण है जिस पर इसका अनुप्रयोग किया जाता है। प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन के लिए सांद्रण की आवश्यकता विभिन्न उत्पादकों के लिए अलग-अलग हो सकती है। पीईडीए का उपयोग प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के निर्माण के लिए एक मध्यवर्ती वस्तु के रूप में किया जाता है। प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल को उपयोग के लिए प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन में परिवर्तित किया जाता है।

ii. विचाराधीन उत्पाद के दायरे में किसी भी रूप में प्रीटिलाक्लोर और इसके मध्यवर्ती पीईडीए दोनों को शामिल करने के संबंध में, यह नोट किया जाता है कि प्राधिकारी यहां यह उल्लेख करना उचित समझते हैं कि 'संबंधित उत्पाद' के दायरे का जांच के उद्देश्य और प्रयोजन पर सीधा प्रभाव पड़ता है। विचाराधीन उत्पाद का व्यापक दायरा जांच के संचालन में संभावित जटिलताओं के अलावा अनावश्यक सुरक्षा को जन्म दे सकता है। साथ ही, विचाराधीन उत्पाद का संकीर्ण दायरा घरेलू बाजार में हानिकारक पाटन पर ध्यान देने के लक्षित उद्देश्य को पूरा करने में विफल हो सकता है। विचाराधीन उत्पाद का संकीर्ण दायरा घरेलू उद्योग को अपेक्षित उपचार प्रदान नहीं कर सकता है और आयातकों/प्रयोक्ताओं द्वारा लागू किए गए उपायों से बचने के इरादे से उपायों को अपनाने के कारण घरेलू उद्योग को निरंतर क्षति हो सकती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि जांच का उद्देश्य सही ढंग से पूरा हो, प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद के दायरे के संबंध में विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए तर्कों पर सावधानीपूर्वक विचार किया है।

iii. यह नोट किया जाता है कि पीईडीए से प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल का विनिर्माण एक एकल चरण प्रक्रिया है। प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के उत्पादन के लिए सोडियम कार्बोनेट की मौजूदगी में क्लोरो एसिटाइल क्लोराइड (सीएसी) के साथ पीईडीए की प्रतिक्रिया की जाती है। भारत में बहुत से प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के विनिर्माता पीईडीए का आयात कर रहे हैं और उसे प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल में परिवर्तित कर रहे हैं। पीईडीए के उत्पादन के लिए संयंत्र स्थापित करने के लिए आवश्यक निवेश, पीईडीए को प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल में बदलने के लिए संयंत्र स्थापित करने की आवश्यकता की तुलना में काफी अधिक है। इतने कम निवेश

की आवश्यकता के साथ, एक उत्पाद पर पाटनरोधी शुल्क लगाने से दूसरे के आयात में वृद्धि हो सकती है। यह भी देखा गया है कि प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के आयात में कमी आई है, लेकिन पीईडीए के आयात में वृद्धि हुई है, जो दर्शाता है कि दोनों उत्पादों की मांग एक दूसरे से संबंधित है।

iv. यह नोट किया जाता है कि पीईडीए के विनिर्माण के चरण के बाद प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल का व्यावसायिक रूप से बिना किसी पर्याप्त प्रसंस्करण गतिविधियों के निर्माण किया जाता है। यह भी नोट किया जाता है कि पीईडीए का उपयोग केवल प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल बनाने में किया जाता है, जिसे प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन बनाने के लिए तरलीकृत किया जाता है। यह देखा गया है कि प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल और प्रीटिलाक्लोर फॉर्मुलेशन में समान भौतिक और रासायनिक विशेषताएं हैं। पीईडीए, प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल और प्रीटिलाक्लोर फॉर्मुलेशन का बाजार एक ही है अर्थात कृषि क्षेत्र है।

v. रिकॉर्ड में अनुरोध से यह भी नोट किया गया है कि भारत में बहुत से प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल विनिर्माता पीईडीए का आयात कर रहे हैं और उसे प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल में परिवर्तित कर रहे हैं। इसके मद्देनजर, पाटनरोधी शुल्क लगाने के दायरे से प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल को बाहर करने से संबद्ध देश से मध्यवर्ती उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा मिलने की संभावना है, जिससे पाटनरोधी जांच और उसके बाद प्रीटिलाक्लोर के आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगाने की पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा।

vi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा यह तर्क दिया गया है कि विचाराधीन उत्पाद के दायरे में प्रीटिलाक्लोर का फॉर्मुलेशन फॉर्म शामिल नहीं हो सकता है, क्योंकि प्रीटिलाक्लोर का फॉर्मुलेशन रूप आयातित नहीं होता है। आवेदक ने तर्क दिया है कि एक बार जब केवल प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल पर पाटनरोधी शुल्क लगा दिया जाता है, तो प्रीटिलाक्लोर फॉर्मुलेशन की आयात कीमत पाटनरोधी शुल्क सहित प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल की आयात कीमत से सस्ती हो जाएगी, जिससे प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल पर शुल्क अप्रभावी हो जाएगा।

vii. इस संबंध में, यह नोट किया जाता है कि इस पर कोई विवाद नहीं है कि उत्पाद की सभी अनिवार्य तकनीकी विशेषताएं उत्पाद के तकनीकी रूप में विकसित होती हैं। तथापि, अपने तकनीकी रूप में प्रीटिलाक्लोर का कोई उपयोग और अनुप्रयोग नहीं है। यह अपने तकनीकी रूप में अपना लक्षित कार्य निष्पादित नहीं करेगा। लक्षित कार्य करने के लिए इसे फार्मूलेशन रूप में परिवर्तित किया जाना चाहिए। इस प्रकार, यद्यपि प्रीटिलाक्लोर तकनीकी रूप में अनिवार्य तकनीकी गुण होते हैं, तथापि, प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन रूप उत्पाद द्वारा निष्पादित किए जाने वाले अंतिम कार्य को करता है। प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के उत्पादन में प्रौद्योगिकी, संयंत्र और उपकरण, जनशक्ति, उत्पादन कौशल शामिल हैं। जहां तक

प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन का संबंध है, यह न तो पूंजी है, न ही जनशक्ति और न ही प्रौद्योगिकी गहन प्रक्रिया है। यह केवल निर्माण की एक वृद्धिशील प्रक्रिया है। यदि विचाराधीन उत्पाद का दायरा प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल तक सीमित रखा जाता है, तो इससे प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन के आयात की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। अत:, पाटनरोधी शुल्क का उद्देश्य पूरा नहीं होगा। मेसर्स हुआवेई टेक्नोलॉजीज कंपनी लिमिटेड बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी मामले में सेस्टेट ने यह माना था कि विचाराधीन उत्पाद का दायरा इस तरह से परिभाषित किया जाना चाहिए कि इसमें प्रवंचना से बचा जा सके।

viii. आवेदक और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए अनुरोधों के आधार पर, प्राधिकारी नोट करते हैं कि आयातित प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल की पूरी खपत का उपयोग प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन के उत्पादन में किया गया है। वास्तव में, अंतिम उपभोक्ताओं द्वारा उपभोग किया जाने वाला उत्पाद प्रीटिलाक्लोर का फॉर्मूलेशन रूप है। उत्पाद का उपभोग अंततः तनुकृत रूप में किया जाता है। तकनीकी और फॉर्मूलेशन में प्रीटिलाक्लोर, प्रीटिलाक्लोर के केवल दो रूप हैं।

ix. आयात के लिए विशिष्ट लाइसेंस की आवश्यकता के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि केवल लाइसेंस की आवश्यकता का अर्थ यह नहीं है कि उत्पाद का आयात नहीं किया जा सकता है या भविष्य में आयात नहीं किया जा सकता है। लाइसेंसिंग आवश्यकताएं और मानदंड परिवर्तन के अधीन हैं और इनका आधार व्यापार उपचार कार्रवाइयों से स्वतंत्र है। प्राधिकारी जांच के लिए उन पर विचार करना उचित नहीं समझते हैं।

x. विचाराधीन उत्पाद के दायरे में पीईडीए, प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल और प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन शामिल हैं। हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि उत्पाद के दायरे में प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन को शामिल करने के बारे में कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। यह नोट किया जाता है कि जांच शुरूआत अधिसूचना में विचाराधीन उत्पाद को "किसी भी रूप में प्रीटिलाक्लोर" के रूप में वर्णित किया गया है, जिसमें प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल और प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन दोनों शामिल हैं।

xi. अत: उपर्युक्त जांच के मद्देनजर, प्राधिकारी का मानना है कि वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद के दायरे में पीईडीए, प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल और प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन शामिल हैं।

8. उपर्युक्त के मद्देनजर, प्राधिकारी विचाराधीन उत्पाद को निम्नानुसार परिभाषित करते है:

"3. वर्तमान याचिका में विचाराधीन उत्पाद किसी भी रूप में प्रीटिलाक्लोर और उसकी मध्यवर्ती वस्तुएं "2,6-डायथाइल-एन-(2-प्रोपॉक्सी एथाइल) एनिलिन" (जिसे पीईडीए भी कहा जाता है) हैं।

4. प्रीटिलाक्लोर एक तरल रसायन है जिसका उपयोग चावल की खेती में खरपतवारों को नियंत्रित करने के लिए शाकनाशी फार्मूलेशन के उत्पादन हेतु किया जाता है। यह रंगहीन और गंधहीन तरल है। प्रीटिलाक्लोर के उत्पादन के लिए आवश्यक मूल कच्ची सामग्री 2-प्रोपॉक्सी एथाइल क्लोराइड और 2,6 डायथाइल एनिलिन हैं। तकनीकी रूप में प्रीटिलाक्लोर का उत्पादन करने के लिए पीईडीए को क्लोरो एसिटाइल क्लोराइड और सोडा ऐश के साथ संसाधित किया जाता है।"

9. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध देश से आयातित विचाराधीन उत्पाद भौतिक और रासायनिक विशेषताओं, कार्य और प्रयोग, उत्पाद विनिर्देशनों, मूल्य निर्धारण, वितरण और विपणन तथा वस्तुओं के टैरिफ वर्गीकरण की दृष्टि से तुलनीय है। प्राधिकारी का मानना है कि आवेदक द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तु पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(घ) के दायरे और अर्थ के भीतर संबद्ध देश से आयातित विचाराधीन उत्पाद के समान वस्तु है।

घ. घरेलू उद्योग का दायरा और स्थिति

घ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

10. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने घरेलू उद्योग के दायरे और स्थिति के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं।

i. आवेदक के पास घरेलू उद्योग माने जाने के लिए स्थिति नहीं है। प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के उत्पादन में आवेदक का हिस्सा बहुत कम है।
ii. अन्य विनिर्माताओं द्वारा उत्पादित प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल को स्थिति मूल्यांकन से बाहर रखने का कोई कानूनी आधार नहीं है और यह पाटनरोधी नियमावली के नियम 5(3) के अंतर्गत निर्धारित अपेक्षाओं का उल्लंघन करता है।
iii. प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के उत्पादकों द्वारा इनपुट के रूप में पीईडीए का आयात करने से उन्हें घरेलू उद्योग के रूप में अयोग्य नहीं ठहराया जाना चाहिए।
iv. आवेदक स्वयं विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन के लिए आवश्यक कच्ची सामग्री का आयात कर रहा है।

घ.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

11. आवेदक ने घरेलू उद्योग के दायरे और स्थिति के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. आवेदक नियम 2(ख) के अधीन एकमात्र पात्र घरेलू उत्पादक है।

ii. भारत में पीईडीए के केवल दो उत्पादक हैं, अर्थात् आवेदक और एनएसीएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एनएसीएल)। एनएसीएल, चीन जन. गण. से विचाराधीन उत्पाद का आयात करता है।

iii. भारत में प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के 09 उत्पादक हैं, परंतु वे चीन से पीईडीए का आयात करते हैं जिसे आगे प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के विनिर्माण के लिए प्रसंस्कृत किया जाता है।

iv. ये उत्पादक विचाराधीन उत्पाद के एक रूप का आयात कर रहे हैं और इसे विचाराधीन उत्पाद के दूसरे रूप में परिवर्तित कर रहे हैं।

v. पीईडीए के चरण में प्रमुख विनिर्माण प्रक्रिया और निवेश की आवश्यकता होती है, एक उत्पादक के लिए पात्र घरेलू उत्पादक के रूप में माने जाने के लिए पीईडीए का उत्पादन करना अनिवार्य है।

vi. चूंकि इन पक्षकारों ने विचाराधीन उत्पाद का आयात किया है इसलिए उन्हें पात्र घरेलू उद्योग नहीं माना जा सकता है।

vii. ऐसे विभिन्न फॉर्मूलेटर हैं जो प्रीटिलाक्लोर फार्मूलेशन के उत्पादन लिए चीन से प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल का आयात करते हैं या उसे घरेलू बाजार से खरीदते हैं। तथापि, फॉर्मूलेटिंग में प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल में केवल पानी और कुछ विलायक मिलाना शामिल है। यह एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया नहीं है।

viii. प्राधिकारी ने *ओफ़्लॉक्सासिन, क्लोरीनेटेड पॉलीविनाइल क्लोराइड (सीपीवीसी) रेजिन, कॉम्पैक्ट फ्लोरोसेंट लैंप सीएफएल, सोलर सेल और स्टेनलेस स्टील के फ्लैट रोल्ड उत्पादों* सहित जांच में इसी प्रकार का दृष्टिकोण अपनाया है।

ix. प्रत्येक उत्पाद के लिए अलग से स्थिति के निर्धारण के लिए अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध के संबंध में, स्थिति को पूरे उत्पाद के लिए निर्धारित किया जाना आवश्यक है, न कि उत्पाद के प्रत्येक घटक के लिए ।

घ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

12. पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) घरेलू उद्योग को निम्नानुसार परिभाषित करता है: -

"घरेलू उद्योग" का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा उन उत्पादकों से है, जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा बनता है, परन्तु जब ऐसे उत्पादक कथित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं या वे स्वयं उसके आयातक होते हैं। ऐसे मामले "घरेलू उद्योग" शेष उत्पादकों को समझा जाएगा।

13. वर्तमान आवेदन इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है। आवेदक संबद्ध देश में संबद्ध वस्तु के किसी आयातक या निर्यातक से संबंधित नहीं है और न उसने जांच अवधि के दौरान संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु का आयात किया है।

14. यह तर्क दिया गया है कि आवेदक ने जांच अवधि के बाद पीईडीए के उत्पादन के लिए इनपुट का आयात किया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि नियम 2(ख) केवल उन उत्पादकों को बाहर करने की अनुमति देता है जिन्होंने स्वयं समान वस्तु का आयात किया है, न कि समान वस्तु के उत्पादन में शामिल कच्ची सामग्री का आयात किया है। प्राधिकारी ने यह भी नोट किया है कि नियम 2(ख) के अनुसार घरेलू उत्पादक की पात्रता पर विचार करने के लिए जांच अवधि के दौरान किए गए आयात ही प्रासंगिक हैं क्योंकि ये आयात ही कथित पाटन और क्षति पर ऐसे आयातों के संबंध की जांच करने के लिए प्रासंगिक हो जाते हैं।

15. पीईडीए और प्रीटिलाक्लोर के लिए अलग-अलग स्थिति के निर्धारण के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदन दायर करने के लिए आवेदक की स्थिति को विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के संदर्भ में देखा जाना अपेक्षित है। वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु में किसी भी रूप में प्रीटिलाक्लोर और उसकी मध्यवर्ती वस्तु "2,6-डायथाइल-एन-(2-प्रोपॉक्सी एथाइल) एनिलिन" (जिसे पीईडीए भी कहा जाता है) दोनों शामिल हैं और इसलिए वर्तमान आवेदन प्रस्तुत करने के लिए आवेदक की स्थिति को किसी भी रूप में पीईडीए और प्रीटिलाक्लोर के कुल उत्पादन पर विचार करते हुए देखा जाना अपेक्षित है।

16. जो उत्पादक पीईडीए का आयात कर रहे हैं और आयातित पीईडीए से प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल का विनिर्माण कर रहे हैं, वे किसी भी मामले में विचाराधीन उत्पाद के आयातक हैं और इसलिए ऐसे उत्पादन को घरेलू उद्योग के रूप में पात्रता के निर्धारण के लिए पात्र भारतीय उत्पादन नहीं माना जा सकता है। इसी प्रकार से, जो उत्पादक प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन बनाने के लिए प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल का आयात कर रहे हैं,

उन्हें घरेलू उद्योग के रूप में पात्रता के निर्धारण के लिए पात्र भारतीय उत्पादन नहीं माना जा सकता है। इसके अलावा, उन उत्पादकों का उत्पादन जो भारत के आपूर्तिकर्ताओं से पीईडीए खरीद रहे हैं और बाजार में प्रीटिलाक्लोर बेच रहे हैं, पहले से ही पीईडीए के उत्पादन में शामिल हैं और इसलिए दोहरी गणना से बचने के लिए इसे शामिल नहीं किया जा सकता है।

17. यह पहले ही पाया जा चुका है कि विचाराधीन उत्पाद का प्राथमिक रूप पीईडीए है, इसलिए प्राधिकारी नोट करते हैं कि किसी भी पक्षकार के लिए पहले पीईडीए का उत्पादक होना अनिवार्य है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि रिकॉर्ड में उपलब्ध जानकारी से पता चलता है कि पीईडीए को प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल में बदलना कोई महत्वपूर्ण विनिर्माण प्रक्रिया नहीं है। प्राधिकारी का मानना है कि जिन कंपनियों के पास पीईडीए के लिए विनिर्माण सुविधाएं नहीं हैं, उन्हें पात्र घरेलू उत्पादक नहीं माना जा सकता।

18. अत:, प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के अन्य उत्पादक जो पीईडीए या प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल का आयात कर रहे हैं, उन्हें पात्र घरेलू उद्योग नहीं माना जा सकता है।

19. उपर्युक्त के मद्देनजर, प्राधिकारी मानते हैं कि इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड, पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) के अर्थ के भीतर घरेलू उद्योग है और नियम 5(3) के अनुसार स्थिति संबंधी मानदंडों को पूरा करता है।

ड. <u>गोपनीयता</u>

ड.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

20. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीयता के संबंध में कोई अनुरोध नहीं किया गया है।

ड.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

21. गोपनीयता के संबंध में आवेदक द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं।

क. निर्यात कीमत के निर्धारण के लिए समायोजनों की सूची के गोपनीय होने का दावा गया है।

ख. निर्यातकों द्वारा अगोपनीय सारांश प्रदान किए बिना वितरण के चैनल के गोपनीय होने का दावा किया गया है।

ड.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

22. प्राधिकारी ने नियम 6(7) के अनुसार विभिन्न पक्षकारों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना का अगोपनीय अंश अन्य सभी हितबद्ध पक्षकारों को उपलब्ध कराया था।

23. सूचना की गोपनीयता के संबंध में पाटन-रोधी नियमावली के नियम 7-में निम्नानुसार व्यवस्था है-:

7"गोपनीय सूचना:

(1) नियम 6 के उपनियमों (2), (3) और (7), नियम 12 के उपनियम (2), नियम 15 के उपनियम (4) और नियम 17 के उपनियम (4) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जांच की प्रक्रिया में नियम 5 के उपनियम (1) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के प्रतियां या किसी पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रस्तुत किसी अन्य सूचना के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी उसकी गोपनीयता से संतुष्ट होने पर उस सूचना को गोपनीय मानेंगे और ऐसी सूचना देने वाले पक्षकार से स्पष्ट प्राधिकार के बिना किसी अन्य पक्षकार को ऐसी किसी सूचना का प्रकटन नहीं करेंगे।

(2) निर्दिष्ट प्राधिकारी गोपनीय अधिकारी पर सूचना प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों से उसका अगोपनीय सारांश प्रस्तुत करने के लिए कह सकते हैं और यदि ऐसी सूचना प्रस्तुत करने वाले किसी पक्षकार की राय में उस सूचना का सारांश नहीं हो सकता है तो वह पक्षकार निर्दिष्ट प्राधिकारी को इस बात के कारण संबंधी विवरण प्रस्तुत करेगा कि सारांश करना संभव क्यों नहीं है।

(3) उप नियम (2) में किसी बात के होते हुए भी यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि गोपनीयता का अनुरोध अनावश्यक है या सूचना देने वाला या तो सूचना को सार्वजनिक नहीं करना चाहता है या उसकी सामान्य रूप में या सारांश रूप में प्रकटन नहीं करना चाहता है तो वह ऐसी सूचना पर ध्यान नहीं दे सकते हैं।

24. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत सूचना की गोपनीयता के दावों के पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई थी। संतुष्ट होने पर प्राधिकारी ने जहां आवश्यक हो, गोपनीयता के दावों को स्वीकार किया है और ऐसी सूचना को गापेनीय माना है तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को उसका प्रकटन नहीं किया है, जहां कहीं संभव हो, गोपनीय आधार पर सूचना देने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर उनके द्वारा प्रस्तुत सूचना का पर्याप्त अगोपनीय अंश प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया था। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि सभी हितबद्ध पक्षकारों ने अपनी व्यापार संबंधी संवेदनशील सूचना के गोपनीय होने का दावा किया है।

च. <u>बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार्य, सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन का निर्धारण</u>

25. धारा 9(1)(ग) के अधीन, किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य का तात्पर्य है:

(i) *व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के समान वस्तु की तुलनीय कीमत जब वह उप नियम (6) के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के लिए नियत हो, अथवा*

(ii) *जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातक देश या क्षेत्र की बाजार विशेष की स्थिति अथवा उसके घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्रा के कारण ऐसी बिक्री की उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य निम्नलिखित में से कोई एक होगा:*

(क) *समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उप धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो; अथवा*

(ख) *उपधारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत एवं लाभ हेतु उचित वृद्धि के साथ उदगम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत:*

परंतु यदि उक्त वस्तु का आयात उदगम वाले देश से भिन्न किसी देश से किया गया है और जहां उक्त वस्तु को निर्यात के देश से होकर केवल स्थानांतरण किया गया है अथवा ऐसी वस्तु का उत्पादन निर्यात के देश में नहीं होता है, अथवा निर्यात के देश में कोई तुलनीय कीमत नहीं है, वहां सामान्य मूल्य का निर्धारण उदगम वाले देश में उसकी कीमत के संदर्भ में किया जाएगा।

च.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

26. सामान्य मूल्य, निर्यात मूल्य और पाटन मार्जिन के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. आवेदक द्वारा मार्जिन के लिए तर्कसंगत योग के साथ आवेदक की उत्पादन लागत के आधार पर निर्धारित सामान्य मूल्य उचित नहीं है, क्योंकि आवेदक ने 2022 के मध्य में ही पीईडीए का उत्पादन शुरू किया है। अत: आवेदक के पीईडीए की लागत नए संयंत्र की शुरूआत संबंधी समस्याओं और अन्य उत्पाद स्थिरीकरण मुद्दों से ग्रस्त है। प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के मामले में भी, क्षति डेटा केवल 3 वर्षों के लिए उपलब्ध है।

च.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

27. आवेदक द्वारा सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. निर्यातकों द्वारा दावा किए गए बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार्य के अभाव में, प्राधिकारी को उनकी घरेलू बिक्री के आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित नहीं करना चाहिए। सामान्य मूल्य का निर्धारण एडीडी नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 के अनुसार किया जाना चाहिए।

च.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

28. प्राधिकारी ने संबद्ध देश के ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को प्रश्नावली भेजी थी, जिसमें उन्हें प्राधिकारी द्वारा विहित प्रपत्र और ढंग से सूचना देने की सलाह दी गई थी। निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने विहित प्रश्नावली का उत्तर देते हुए जांच में सहयोग किया है:

क. क्यूसीसी शंघाई कंपनी लिमिटेड (निर्यातक)
ख. शेडोंग कियाओचांग मॉडर्न इंटरनेशनल कंपनी लिमिटेड (निर्यातक)
ग. कियाओचांग मॉडर्न एग्रीकल्चर कंपनी लिमिटेड (उत्पादक)
घ. कैपिटल इंडस्ट्री कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड (उत्पादक और निर्यातक)
ड. अनहुई फूटियन एग्रोकेमिकल कंपनी लिमिटेड (उत्पादक)
च. इनर मंगोलोआ लांगे बायोटेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड (उत्पादक)
छ. कुनशान राइजिंग केमिकल कंपनी लिमिटेड (निर्यातक)
ज. लायन एग्रेवो (नान्चॉन्ग) कंपनी लिमिटेड (उत्पादक)
झ. माइक्रोकेम स्पेशलिटीज ट्रेड लिमिटेड (निर्यातक)
ञ. नोवाटिक केम कं., लिमिटेड (उत्पादक और निर्यातक)
ट. हांग्जो न्यूट्रीकेम कं., लिमिटेड (उत्पादक और निर्यातक)

ठ. शंघाई एग्रोट्री केमिकल कं., लिमिटेड (उत्पादक और निर्यातक)

च.3.1 सामान्य मूल्य का निर्धारण

29. डब्ल्यू टी ओ में चीन के एक्सेशन प्रोटोकोल के अनुच्छेद 15 में निम्नानुसार व्यवस्था हैः

"जी ए टी टी 1994 का अनुच्छेद-VI, टैरिफ और व्यापार पर सामान्य करार, 1994 ("पाटनरोधी करार") के अनुच्छेद-VI का कार्यान्वयन संबंधी करार और एससीएम करार किसी डब्ल्यू टी ओ सदस्य में चीन के मूल के आयातों में शामिल कार्यवाही में निम्नलिखित के संगत लागू होगा :

(क) जीएटीटी, 1994 के अनुच्छेद-VI और पाटनरोधी करार के अंतर्गत कीमत तुलनीयता के निर्धारण में आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य या तो जांचाधीन उद्योग के लिए चीन की कीमतों अथवा लागतों का उपयोग करेंगे या उस पद्धति को उपयोग करेंगे जो निम्नलिखित नियमों के आधार पर चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों के साथ सख्ती से तुलना करने में आधारित नहीं हैः

(i) यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह दिखा सकते हैं कि समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग में उस उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां रहती है तो आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य मूल्य की तुलनीयता का निर्धारण करने में जांचाधीन उद्योग के लिए चीन की कीमतों अथवा लागतों का उपयोग करेगा।

(ii) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य उस पद्धति का उपयोग कर सकता है जो चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों के साथ सख्त तुलना पर आधारित नहीं है, यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह नहीं दिखा सकते हैं कि उस उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग के लिए लागू नहीं हैं।

(iii) एससीएम समझौते के भाग II, III और V के अंतर्गत कार्यवाहियों में अनुच्छेद 14(क), 14(ख), 14(ग) और 14(घ) में निर्धारित राज्य हायता को बताते समय एससीएम समझौते के प्रासंगिक प्रावधान लागू होंगे, तथापि,

उसके प्रयोग करने में यदि विशेष कठिनाईयां हों, तो आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य राजसहायता लाभ की पहचान करने और उसको मापने के लिए ऐसी पद्धति का उपयोग कर सकते हैं जिसमें उस संभावना को ध्यान में रखा जाए कि चीन में प्रचलित निबंधन और शर्तें उपयुक्त बेंचमार्क के रूप में सदैव उपलब्ध नहीं हो सकती है। ऐसी पद्धतियों को लागू करने में, जहां व्यवहार्य हो, आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य के द्वारा चीन से बाहर प्रचलित निबंधन और शर्तों के उपयोग के बारे में विचार करने से पूर्व ऐसी विद्यामान निबंधन और शर्तों को समायोजित करना चाहिए।

(iv) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य उप-पैराग्राफ (क) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को पाटनरोधी प्रक्रिया समिति के लिए अधिसूचित करेगा तथा उप पैराग्राफ (ख) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को सब्सिडी तथा प्रतिसंतुलनकारी उपायों संबंधी समिति को अधिसूचित करेगा।

(v) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के तहत चीन के एक बार बाजार अर्थव्यवस्था सिद्ध हो जाने पर, उप पैराग्राफ के प्रावधान (क) के प्रावधान समाप्त कर दिए जाएंगे, बशर्ते कि आयात करने वाले सदस्य के राष्ट्रीय कानून में एक्सेशन की तारीख के अनुरूप बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी मानदंड हो। किसी भी स्थिति में उप पैराग्राफ (क)(ii) के प्रावधान एक्सेशन की तारीख के बाद 15 वर्षों में समाप्त हो जाएंगे । इसके अलावा, आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के अनुसरण में चीन के द्वारा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां एक विशेष उद्योग अथवा क्षेत्र में प्रचलित हैं, उप पैराग्राफ (क) के गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के प्रावधान उस उद्योग अथवा क्षेत्र के लिए आगे लागू नहीं होंगे।"

30. आवेदक ने चीन के एक्सेसन प्रोटोकोल के अनुच्छेद 15 (क) (i) तथा अनुबंध-I के पैरा 7 पर भरोसा किया है। आवेदक ने दावा किया कि चीन जन. गण. में उत्पादकों को यह प्रदर्शित करने के लिए कहा जाना चाहिए कि विचाराधीन उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उनके उद्योग में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थिति विद्यमान है। आवेदक द्वारा यह कहा गया था कि यदि चीन के प्रतिवादी उत्पादक यह प्रदर्शित करने में सक्षम नहीं हैं कि उनकी लागत और कीमत जानकारी बाजार द्वारा संचालित है, तो सामान्य मूल्य की गणना नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 और 8 के प्रावधानों के अनुसार की जानी चाहिए।

31. यह नोट किया जाता है कि यद्यपि अनुच्छेद 15(क)(ii) में दिए गए प्रावधान 11.12.2016 को समाप्त हो गए हैं, तथापि एक्सेसन प्रोटोकॉल की धारा 15(क)(i) के अधीन दायित्व के साथ पठित डब्ल्यूटीओ पाटरोधी करार के अनुच्छेद 2.2.1.1 के अंतर्गत प्रावधानों में भारत की नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 8 में निर्धारित मापदंड को बाजार अर्थव्यवस्था के व्यवहार्य का दावा संबंधी पूरक प्रश्नावली में दी जाने वाली सूचना/आंकड़ों के ज़रिए पूरा करना अपेक्षित है।

32. जांच शुरूआत के समय, प्राधिकारी ने घरेलू उत्पादकों द्वारा एसजीए और लाभ को उचित रूप से जोड़ते हुए संबद्ध वस्तु की उत्पादन लागत पर उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार कार्यवाही की। जांच शुरू करने पर, प्राधिकारी ने चीन जन. गण. में उत्पादकों/निर्यातकों को जांच शुरूआत सूचना का उत्तर देने और अपनी बाजार अर्थव्यवस्था की स्थिति के निर्धारण के लिए संगत सूचना प्रदान करने की सलाह दी। प्राधिकारी ने नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 8(3) में निर्धारित मानदंडों के अनुसार गैर-बाजार अर्थव्यवस्था की धारणा का खंडन करने और संगत विस्तृत सूचना प्रदान करने के लिए सभी ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को अनुपूरक प्रश्नावली की प्रतियां भेजीं। प्राधिकारी ने चीन जन. गण. की सरकार से यह भी अनुरोध किया कि वह चीन जन. गण. में उत्पादकों/निर्यातकों को संगत सूचना प्रदान करने की सलाह दें।

33. प्राधिकारी ***शेनयांग मस्तुशिता एस. बैटरी कंपनी लिमिटेड बनाम मेसर्स एक्साइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड***[11] में उच्चतम न्यायालय के निर्णय, ***मेसर्स सेंचुरी प्लाईबोर्ड्स (आई) लिमिटेड एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं टूर***[12] में ***गुवाहाटी उच्च न्यायालय के निर्णय और अपोलो टायर्स लिमिटेड बनाम भारत संघ***[13], ***क्यूटन जिनजियांग केमिकल इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड बनाम भारत संघ***[14] में सेस्टेट की मुख्य पीठ, नई दिल्ली में दिए गए निर्णय में गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के मामले में सामान्य मूल्य के परिकलन संबंधी मौजूदा न्यायशास्त्र को भी नोट करते हैं। उपयुक्त विकल्प के चयन और उससे संबंधित दायित्वों के संबंध में नियमावली के अनुबंध 1 के पैरा 7 के कार्यान्वयन के बारे में निर्देश प्रदान करते हैं।

34. किसी भी निर्यातक/उत्पादक ने चीन की गैर-बाजार अर्थव्यवस्था की स्थिति को चुनौती नहीं दी है। इस प्रकार, उपर्युक्त स्थिति को देखते हुए और किसी भी चीन की किसी भी निर्यातक कंपनी द्वारा गैर-बाजार अर्थव्यवस्था की धारणा का खंडन न किए जाने की स्थिति में, प्राधिकारी वर्तमान जांच में चीन जन. गण. को एक गैर-बाजार अर्थव्यवस्था

---

[11] एआईआर 2005 एससी 851

[12] डब्ल्यूपी सं. 6568/2017

[13] अपील सं. सी 1768, 600,601,773,769/2005-एडी-दिनांक- 9/9/2005

[14] 2019 की अपील सं. 52291

देश के रूप में मानना उचित समझते हैं और चीन जन. गण. के मामले में सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 के अनुसार आगे कार्रवाई हैं।

35. नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 में निम्नानुसार उल्लेख है :

> *"गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों से आयात के मामले में, उचित लाभ मार्जिन को शामिल करने के लिए भारत में समान उत्पाद के लिए वास्तविक रूप से भुगतान किया गया अथवा भुगतान योग्य, आवश्यकतानुसार पूर्णतया समायोजित कीमत रहित, सामान्य, मूल्य का निर्धारण तीसरे देश के बाजार अर्थव्यवस्था में कीमत अथवा परिकलित मूल्य के आधार पर अथवा भारत सहित ऐसे किसी तीसरे देश से अन्य देशों के लिए कीमत अथवा जहां यह संभव नहीं हैं, या किसी अन्य उचित आधार पर किया जाएगा। संबद्ध देश के विकास के स्तर तथा संबद्ध उत्पाद को देकते हुए निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा यथोचित पद्धति द्वारा एक समुचित बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश का चयन किया जाएगा और चयन के समय पर उपलब्ध कराई गई किसी विश्वसनीय सूचना पर यथोचित रूप से विचार किया जाएगा। बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी अन्य तीसरे देश के संबंध में किसी समयानुरूपी मामले में की जाने वाली जांच के मामले में जहां उचित हों, समय-सीमा के भीतर कार्रवाई की जाएगी। जांच से संबंधित पक्षकारों को किसी अनुचित विलंब के बिना बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के चयन के विशेष में सूचित किया जाएगा और अपनी टिप्पणियां देने के लिए एक तर्कसंगत समयावधि प्रदान की जाएगी।"*

36. पैरा 7 में सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए क्रमबद्धता निर्धारित की गई है तथा यह प्रावधान किया गया है कि सामान्य मूल्य का निर्धारण बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में कीमत या परिकलित मूल्य के आधार पर या ऐसे तीसरे देश से भारत सहित अन्य देशों में कीमत के आधार पर या जहां यह संभव न हो, किसी अन्य तर्कसंगत आधार पर किया जाएगा, जिसमें समान उत्पाद के लिए भारत में वास्तव में भुगतान की गई या देय कीमत शामिल होगी, जिसे उचित लाभ मार्जिन को शामिल करने के लिए यदि आवश्यक हो, तो विधिवत समायोजित किया जाएगा। इस प्रकार, प्राधिकारी नोट करते हैं कि पैरा 7 के अंतर्गत प्रदत्त विभिन्न अनुक्रमिक विकल्पों को ध्यान में रखते हुए सामान्य मूल्य का निर्धारण किया जाना आवश्यक है। किसी भी हितबद्ध पक्षकार द्वारा बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में प्रचलित कीमत या परिकलित मूल्य का कोई साक्ष्य नहीं लाया गया है। वर्तमान जांच में संबद्ध देश के अलावा, अन्य देशों से भारत में आयात की मात्रा कम है। इस प्रकार, बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश से

भारत में आयात को सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए विचार नहीं किया जा सकता है।

37. अत:, प्राधिकारी ने भारत में उत्पादन की लागत के आधार पर चीन जन. गण. के लिए सामान्य मूल्य परिकलित किया है, जिसे बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्यय और तर्कसंगत लाभ के साथ विधिवत रूप से समायोजित किया गया है। चीन के उत्पादकों/निर्यातकों के लिए इस प्रकार निर्धारित परिकलित सामान्य मूल्य का उल्लेख पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

च.3.2 निर्यात कीमत का निर्धारण:

38. **अनहुई फूटियान एग्रोकेमिकल कंपनी लिमिटेड** (जिसे आगे "फूटियान" भी कहा गया है) की स्थापना 21 मई, 2009 को चीन जनवादी गणराज्य के कंपनी कानून के अनुसार एक सीमित देयता कंपनी के रूप में की गई थी। जांच अवधि के दौरान, अनहुई फूटियान एग्रोकेमिकल कंपनी लिमिटेड, चीन जन. गण. ने एक असंबंधित निर्यातक/व्यापारी अर्थात **कुनशान राइजिंग केमिकल कंपनी लिमिटेड** के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से भारत को *** एमटी संबद्ध वस्तु की बिक्री की है। इसके अलावा, कुनशान राइजिंग केमिकल कंपनी लिमिटेड ने भी एक अन्य संबंधित निर्यातक/व्यापारी अर्थात **माइक्रोकेम स्पेशलिटीज ट्रेड लिमिटेड** के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से भारत को यही संबद्ध वस्तु बेची है। यह भी नोट किया जाता है कि जांच अवधि के दौरान, माइक्रोकेम स्पेशियलिटीज ट्रेड लिमिटेड ने भारत में असंबंधित क्रेताओं को *** एमटी संबद्ध वस्तु की बिक्री की है, जिसमें से कंपनी ने एक अन्य असंबंधित उत्पादक/आपूर्तिकर्ता अर्थात् चांगझोउ नोंगफेंग कंपनी लिमिटेड से भी *** एमटी संबद्ध वस्तु प्राप्त की है, किंतु, चूंकि इस असंबंधित उत्पादक/आपूर्तिकर्ता ने निर्दिष्ट प्राधिकारी के पास अपना ईक्यूआर दायर नहीं किया है, इसलिए इस मात्रा पर विचार नहीं किया गया है। उत्पादक/निर्यातक ने कारखानाद्वार स्तर पर निर्यात कीमत ज्ञात करने के लिए अंतर्देशीय परिवहन के लिए समायोजन का दावा किया है। इसे स्वीकार कर लिया गया है और इस प्रकार निर्धारित निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में दर्शाई गई है।

39. **इनर मंगोलिया लैंग बायोटेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड** (जिसे आगे "लैंग" कहा गया है) की स्थापना 18 जनवरी, 2019 को चीन जनवादी गणराज्य के कंपनी कानून के अनुसार एक सीमित देयता कंपनी के रूप में की गई थी। जांच अवधि के दौरान, इनर मंगोलिया लांगे बायोटेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड, चीन जन. गण. ने **शंघाई एग्रोट्री केमिकल कंपनी लिमिटेड** नामक एक असंबंधित निर्यातक/व्यापारी के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से भारत को *** एमटी संबद्ध वस्तु की बिक्री की है। उत्पादक/निर्यातक ने कारखानाद्वार स्तर

पर निर्यात कीमत ज्ञात करने के लिए अंतर्देशीय परिवहन के लिए समायोजन का दावा किया है। इसे स्वीकार कर लिया गया है और इस प्रकार निर्धारित निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में दर्शाई गई है।

40. **लायन एग्रेवो (नानटोंग) कंपनी लिमिटेड** (जिसे आगे "लायन एग्रेवो" कहा गया है) की स्थापना 17 अक्टूबर, 2005 को चीन जनवादी गणराज्य के कंपनी कानून के अनुसार एक सीमित देयता कंपनी के रूप में की गई थी। जांच अवधि के दौरान, लायन एग्रेवो (नानटोंग) कंपनी लिमिटेड, चीन जन. गण. ने **नोवाटिक केम कंपनी लिमिटेड** नामक एक संबंधित निर्यातक/व्यापारी के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से भारत को *** एमटी संबद्ध वस्तु की कारखानाद्वार आधार पर बिक्री की है। उत्पादक/निर्यातक ने कारखानाद्वार स्तर पर निर्यात कीमत ज्ञात करने के लिए किसी समायोजन का दावा नहीं किया है। इसे स्वीकार कर लिया गया है और इस प्रकार निर्धारित निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में दर्शाई गई है।

41. **हांग्जो न्यूट्रीकेम कंपनी लिमिटेड** (जिसे आगे "न्यूट्रीकेम" कहा गया है) की स्थापना 01 जनवरी, 1957 को चीन जनवादी गणराज्य के कंपनी कानून के अनुसार शेयरों द्वारा सीमित देयता कंपनी के रूप में की गई थी। जांच अवधि के दौरान, हांग्जो न्यूट्रीकेम कंपनी लिमिटेड, चीन जन. गण. ने भारत में असंबंधित क्रेताओं को सीधे *** एमटी संबद्ध वस्तु की बिक्री की है। उत्पादक/निर्यातक ने कारखानाद्वार स्तर पर निर्यात कीमत ज्ञात करने के लिए समुद्री भाड़ा, बीमा, अंतर्देशीय परिवहन, पत्तन और अन्य संबंधित व्यय, ऋण लागत और बैंक प्रभारों के लिए किसी समायोजन का दावा नहीं किया है। इसे स्वीकार कर लिया गया है और इस प्रकार निर्धारित निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में दर्शाई गई है।

42. **कैपिटल इंडस्ट्री कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड, शेडोंग किआओचांग मॉडर्न एग्रीकल्चर कं, लिमिटेड, शेडोंग किआओचांग मॉडर्न इंटरनेशनल कं, लिमिटेड और क्यूसीसी शंघाई कं, लिमिटेड** चार संबंधित कंपनियां हैं जिन्होंने प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है। उनके उत्तरों से यह नोट किया गया है कि दो कंपनियों शेडोंग किआओचांग मॉडर्न एग्रीकल्चर कं, लिमिटेड और क्यूसीसी शंघाई कं, लिमिटेड ने भारत को संबद्ध वस्तु का निर्यात नहीं किया है और शेष दो कंपनियों कैपिटल इंडस्ट्री कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड और शेडोंग किआओचांग मॉडर्न इंटरनेशनल कं, लिमिटेड ने भारत को संबद्ध वस्तु का निर्यात किया है। यह भी नोट किया गया है कि कैपिटल इंडस्ट्री कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड ने प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल का निर्यात किया और शेडोंग किआओचांग मॉडर्न इंटरनेशनल कं, लिमिटेड ने भारत को पीईडीए का निर्यात किया जिसे कैपिटल इंडस्ट्री ने उत्पादित किया था। प्राधिकारी ने उक्त कंपनियों

द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों पर विचार किया है। निर्यातक ने अंतर्देशीय मालभाड़ा, समुद्री मालभाड़ा, समुद्री बीमा, पत्तन और संभलाई प्रभार, ऋण लागत, बैंक प्रभार आदि के लिए समायोजनों का दावा किया है और इन्हें सहयोगी उत्पादक और निर्यातक द्वारा प्रस्तुत सूचना के डेस्क सत्यापन के बाद स्वीकार कर लिया गया है।

43. चीन जन. गण. के अन्य सभी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए निवल निर्यात कीमत नियमावली के नियम 6(8) के अनुसार उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित की गई है। इस प्रकार, निर्धारित निवल निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

44. उचित तुलना के लिए पीईडीए और प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के लिए सीएनवी और निवल निर्यात कीमत की अलग-अलग गणना की गई है और फिर भारित औसत सीएनवी और निवल निर्यात कीमत निर्धारित की गई है, जिसका उल्लेख नीचे पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

<u>पाटन मार्जिन तालिका</u>

क्र.सं.	**उत्पादक**	**सामान्य मूल्य (यूएस डॉलर/एमटी)**	**कारखानाद्वार निर्यात कीमत (यूएस डॉलर/एमटी)**	**पाटन मार्जिन (यूएस डॉलर/एमटी)**	**पाटन मार्जिन (%)**	**पाटन मार्जिन रेंज (%)**
1	अनहुई फ़ुटियन एग्रोकेमिकल कं. लि.	***	***	***	***	40-50
2	इनर मंगोलिया लैंग बायोटेक्नोलॉजी कं. लि.	***	***	***	***	50-60
3	लायन एग्रेवो (नान्चॉन्ग) कं. लि.	***	***	***	***	55-65
4	हांग्जो न्यूट्रीकेम कं. लि.	***	***	***	***	45-55
5	कैपिटल इंडस्ट्री कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड, / शेडोंग क़ियाओचांग मॉडर्न एग्रीकल्चर कं, लिमिटेड, / शेडोंग क़ियाओचांग मॉडर्न	***	***	***	***	45-55

	इंटरनेशनल कं, लिमिटेड / क्यूसीसी शंघाई कं, लिमिटेड,					
6	कोई अन्य उत्पादक	***	***	***	***	60-70

छ. <u>क्षति का आकलन और कारणात्मक संबंध</u>

छ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

45. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा क्षति और कारणात्मक संबंध के बारे में निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. आवेदक ने पीयूसी के भीतर सभी उत्पादों को एकत्रित करने के बाद क्षति संबंधी आंकड़े प्रस्तुत किए हैं जो अत्यधिक भ्रामक है और यह देखते हुए कि हाल ही में शुरू किए गए उत्पाद जैसे कि पीईडीए और प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल से संबंधित क्षति को प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन जैसे अन्य स्थिर उत्पाद के साथ कैसे जोड़ा जा सकता है। इसमें पर्याप्तता संबंधी गंभीर समस्याएं हैं।

ii. प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन को छोड़कर, क्षति की अवधि में शामिल सभी 4 वर्षों के लिए क्षति संबंधी आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। इस प्रकार, किसी भी प्रकार का प्रवृत्ति विश्लेषण करने के लिए आंकड़े पर्याप्त नहीं हैं।

iii. प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल उत्पादकों को छोड़कर, ऐसे उत्पादकों के आंकड़े आवेदक द्वारा दावा की गई क्षति में परिलक्षित नहीं होते हैं।

iv. 2021-22 के बाद की अवधि को कोविड-19 महामारी, सरकारी हस्तक्षेप और प्रोत्साहन उपायों, संभार तंत्र संबंधी चुनौतियों और लागत में वृद्धि और कच्ची सामग्री और ऊर्जा की कीमतों में अस्थिरता के प्रभाव को देखते हुए असामान्य अवधि माना जाना चाहिए।

v. मांग में 20 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद, आवेदक ने बिक्री में 7 गुना वृद्धि देखी है।

vi. आवेदक ने जांच अवधि के दौरान सबसे अधिक क्षति का दावा किया है जबकि जांच अवधि के दौरान आयात सबसे कम रहा है।

vii. कुल आयात में 34 प्रतिशत की गिरावट आई है और इसलिए, संबद्ध देश से आयात के लिए किसी मात्रा संबंधी क्षति को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।

viii. आधार वर्ष 2020-21 की तुलना में जांच अवधि के दौरान भारतीय उत्पादन के संबंध में संबद्ध आयात में गिरावट आई है।

ix. मांग के संबंध में, आधार वर्ष 2020-21 की तुलना में जांच अवधि के दौरान संबद्ध आयात में भी गिरावट आई है।

x. पिछले वर्ष के दौरान कम क्षमता उपयोग के बावजूद, आवेदक लगातार अपनी स्थापित क्षमता में वर्ष दर वर्ष निरंतर वृद्धि कर रहा है। यदि आवेदक ने अपनी क्षमता में वृद्धि नहीं की होती, तो उपयोग में सुधार होता और यह ईष्टतम स्तर पर पहुंच जाता।

xi. आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि के दौरान घरेलू बिक्री की मात्रा 100 से बढ़कर 1465 हो गई है।

xii. आवेदक को वर्षों से स्थापित क्षमता में अनावश्यक वृद्धि के कारण घाटा हुआ है जबकि मांग में कोई संगत वृद्धि नहीं हुई है।

xiii. प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन में दावा की गई क्षति के लिए और अतिरिक्त स्पष्टीकरण की आवश्यकता है क्योंकि आवेदक प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन के लिए स्वस्थ रोजगार और मजदूरी के स्तर को बनाए रखने में सक्षम रहा है, तब भी जब वे वर्ष दर वर्ष अपने घाटे में वृद्धि कर रहे थे। जांच अवधि के दौरान प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन के लिए मालसूची भी आधार वर्ष से कम थी।

xiv. प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के संबंध में, आवेदक द्वारा पीईडीए उत्पादन शुरू करने के बाद जांच अवधि में आयात में गिरावट आई है। आवेदक ने 2022-23 के दौरान इस उत्पाद में भारी लाभ कमाया और 2021-22 और जांच अवधि के दौरान घाटा हुआ है, जो दर्शाता है कि उद्योग अभी तक स्थिर नहीं हुआ है और यह स्वयं 2022-23 में लाभ में वापस आ सकता है और स्थिति को वास्तविक क्षति की स्थिति नहीं कहा जा सकता है।

xv. याचिकाकर्ता की प्रति दिन उत्पादकता आधार वर्ष 2020-21 के दौरान 100 से बढ़कर जांच अवधि के दौरान 667 हो गई है।

xvi. आवेदक संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के कथित पाटित आयातों और ऐसे आयातों से घरेलू उद्योग को हुई कथित क्षति के बीच कारणात्मक संबंध स्थापित करने में विफल रहा है।

xvii. आवेदक जानबूझकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान देने में विफल रहा है, जिनका संबद्ध देश के मूल के आयातों से स्वतंत्र रूप से घरेलू उद्योग पर प्रभाव पड़ा था, जिसमें आंतरिक समस्याएं, वैश्विक स्तर पर बाजार मंदी की स्थिति, कच्ची सामग्री की कीमत में उतार-चढ़ाव, मांग में कमी, उच्च चैनल मालसूची, कोविड-19 महामारी का प्रभाव, रूस - यूक्रेन युद्ध, संयंत्र का बंद होना और अत्यधिक क्षमता वृद्धि शामिल है।

xviii. विचाराधीन उत्पाद (पीयूसी) के दायरे में प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन को शामिल करना मनमाना प्रतीत होता है और इसका उद्देश्य किसी वास्तविक क्षति को संबोधित करने के बजाय 4 वर्षीय क्षति आंकड़ों की आवश्यकता को पूरा करना है। पीईडीए और रेटिएग्रो टेक्निकल के लिए क्षति संबंधी आंकड़े अधूरे हैं, जो किसी प्रवृत्ति विश्लेषण को अविश्वसनीय बनाते हैं।

xix. आवेदक के अप्रयुक्त निवेश के दावे समर्थित नहीं हैं, क्योंकि क्षति के आंकड़ों से स्पष्ट रूप से पता चलता है कि उत्पादन क्षमता की स्थापना अप्रभावित थी।

xx. आयात की चक्रीय प्रकृति के बारे में आवेदक के दावे असंगत हैं क्योंकि क्षति की अवधि और जांच अवधि (पीओआई) पहले से ही किसी चक्रीयता पर विचार करती हैं।

xxi. आवेदक द्वारा उत्पादन शुरू करने से पहले आयातों के उच्च स्तर पर जांच अवधि से कोई संबंध नहीं है और इसका उपयोग क्षति के दावों का समर्थन करने के लिए नहीं किया जा सकता है।

xxii. आयात में गिरावट, उत्पाद की घटती मांग के अनुरूप है और यह आयात के कारण हुई क्षति का संकेत नहीं है।

xxiii. आयात कीमत और आवेदक की लागतों के बीच कीमत अंतर पाटन के बजाय स्टार्ट-अप या स्थिरीकरण लागतों के कारण हो सकता है।

xxiv. प्रतिवादी इस दावे का विरोध करते हैं कि आवेदक द्वारा पीईडीए परिचालन शुरू होने के बाद संबद्ध देश के निर्यातकों ने आक्रामक कीमत निर्धारण को अपनाया। पीईडीए आयात में वृद्धि का कारण भारत में प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल का बढ़ता उत्पादन है, जिससे प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के आयात में गिरावट आई है।

xxv. आवेदक ने गलत दावा किया है कि प्रचालन शुरू होने से पहले आयात में वृद्धि हुई थी। 2020-21 की चौथी तिमाही में वृद्धि कच्ची सामग्री की उपलब्धता में कोविड से संबंधित अनिश्चितताओं के कारण हुई थी। वर्ष 2020-21 की चौथी तिमाही को छोड़कर, आयात रुझान उत्पाद की चक्रीय मांग के अनुरूप रहे, जैसा कि दी गई तालिका में दर्शाया गया है।

xxvi. आवेदक की आंतरिक व्यवहार्यता रिपोर्ट निष्पादन तुलना के लिए एक विश्वसनीय स्रोत नहीं है, क्योंकि यह आशावादी मान्यताओं पर आधारित है जो इनपुट मूल्य अस्थिरता और आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों सहित क्षति अवधि की वास्तविक विश्व की चुनौतियों को प्रतिबिंबित नहीं करती है।

छ.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

46. आवेदक द्वारा क्षति और कारणात्मक संबंध के बारे में निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं।

i. आवेदक ने प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल संयंत्र चार चरणों में स्थापित किया है।

ii. आवेदक ने अपना *** एमटी पीईडीए संयंत्र स्थापित किया था, जिसमें मई, 2022 से उत्पादन शुरू हुआ था। आवेदक ने *** एमटी क्षमता वाले पीईडीए के लिए एक दूसरे प्लांट की भी योजना बनाई थी। तथापि, संबद्ध देश से पाटित आयातों के कारण संयंत्र को संचालित करने की वर्तमान अव्यवहारिकता के कारण इसे रोक दिया गया है।

iii. जब आवेदक के प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल संयंत्र के दूसरे चरण में अप्रैल, 2021 की अवधि के आसपास वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होना था, तो जनवरी, 2021 से मार्च, 2021 की अवधि में आयात में भारी वृद्धि देखी गई।

iv. जब आवेदक ने मई, 2022 में अपने पीईडीए संयंत्र में उत्पादन शुरू किया, तो अप्रैल, 2022 से जून, 2022 की अवधि में पीईडीए के आयात की मात्रा में असामान्य वृद्धि देखी गई।

v. पीईडीए की अधिकतम मांग जनवरी से मार्च के दौरान होती है और उत्पाद की अधिकतम मांग के दौरान आयात बड़ी मात्रा में होता था और आवेदक का उत्पादन प्रभावित होता था।

vi. जांच अवधि की अंतिम तिमाही में पीईडीए का बड़ी मात्रा में आयात हुआ है और इसलिए, प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के आयात में गिरावट आई है।

vii. पीईडीए की मांग 2021-22 में घटी है, 2022-23 में तेजी से बढ़ी और फिर जांच अवधि में इसमें गिरावट आई है। जांच अवधि में गिरावट 2022-23 में घरेलू बाजार में "अतिरिक्त आयातों" के कारण हुई । यदि अतिरिक्त आयात पर ध्यान दिया जाता है और घरेलू बाजार में अनिश्चितताओं के डर से 2020-21 की अवधि को छोड़ दिया जाता है, तो पीईडीए की मांग में लगातार वृद्धि देखी गई है।

viii. आयात आवेदक की बिक्री लागत से कम कीमत पर हुए हैं। पाटन के कारण आवेदक को उत्पादन लागत से कम वा बिक्री के लिए बाध्य होना पड़ा।

ix. पहुंच कीमत लगातार आवेदक की बिक्री लागत से कम रही है। पाटित आयातों ने आवेदक की कीमतों को कम कर दिया है।

x. कीमत कटौती सकारात्मक है।

xi. आवेदक को अपने पीईडीए संयंत्र को *** दिनों से अधिक और अपने प्रीटिलाक्लोर संयंत्र को लगभग *** दिनों के लिए बंद करना पड़ा था।

xii. आवेदक ने पीईडीए और प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के लिए पाटित आयातों द्वारा पूरी की गई मांगों को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमता स्थापित की थी।

xiii. आवेदक का उत्पादन 2022-2023 तक बढ़ा और उसके बाद उसमें गिरावट आई। उत्पादन में वृद्धि नए संयंत्र की स्थापना के कारण हुई, जिसका उत्पादन आबद्ध अंतरण प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जा रहा है।

xiv. यद्यपि, घरेलू बिक्री में क्षति अवधि में वृद्धि हुई, ऐसा केवल इसलिए था क्योंकि आवेदक ने घाटे में बिक्री की थी।

xv. आवेदक पीओआई में अपने उत्पादन का केवल लगभग 60 प्रतिशत ही बेच पाया है और उसके पास काफी मालसूची है।

xvi. उत्पाद के पाटन के कारण 2022-23 के अंत में मालसूची में काफी अधिक वृद्धि हो गई थी । उत्पाद के बिना बिके रहने के कारण आवेदक को पीओआई में उत्पादन बंद करना पड़ा था।

xvii. जांच अवधि में प्रति इकाई बिक्री का घाटा तत्काल पिछले वर्ष की तुलना में काफी बढ़ गया है। ईष्टतम परिचालन पर भी आवेदक को घाटा हुआ होगा और आरओसीई नकारात्मक रहा होगा।

xviii. जांच अवधि में आवेदक का कुल घाटा भी बढ़ गया है। नकद घाटा भी काफी अधिक है।

xix. यद्यपि आवेदक द्वारा दो संयंत्रों में किया गया निवेश *** करोड़ रुपये है। तथापि, जांच अवधि तक कुल घाटा *** करोड़ रुपये है।

xx. उत्पादन के निलंबन से रोजगार, मजदूरी और उत्पादकता प्रभावित हुई है।

xxi. पाटित आयातों ने आवेदक को उत्पादन लागत से कम पर बेचने के लिए बाध्य किया है। पीईडीए की मांग के बावजूद, आवेदक को कम कीमत वाले आयातों के कारण नकारात्मक अंशदान पर बिक्री करनी पड़ी है।

xxii. नकारात्मक नकदी प्रवाह ने आवेदक को उत्पादन की लागत वसूलने से रोका है। पाटन के कारण नकद घाटे में भी वृद्धि हुई है।

xxiii. प्राधिकारी निवेश किए जाने के समय अनुमानित निष्पादन के साथ अपने प्रचालन की अवधि के लिए आवेदक के वास्तविक निष्पादन की तुलना कर सकते हैं।

xxiv. पीईडीए की कच्ची सामग्री की कीमत और पहुंच कीमत के बीच का अंतर और प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल की कच्ची सामग्री की लागत और पहुंच कीमत के बीच का अंतर आवेदक द्वारा वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करने पर कम हो गया।

xxv. उत्पाद के पाटन ने आवेदक के प्रचालनों की समूची श्रृंखला को प्रभावित किया है।

xxvi. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि प्रपत्र IVक और प्रपत्र IVख में सूचित आयात मात्रा अलग-अलग है, प्रपत्र IVक में सूचित आयात मात्रा प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल स्तर पर समेकित की गई है। तथापि, प्रपत्र IVख में सूचित मात्रा वास्तविक स्तर पर है क्योंकि उत्पाद प्रकार के अनुसार तुलना की गई है।

xxvii. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि क्षति क्षमता विस्तार के कारण हुई है, आवेदक का प्रीटिलाक्लोर संयंत्र *** एमटी की संयुक्त क्षमता के साथ चार चरणों में स्थापित किया गया है। जब आयात आवेदक की परिवर्तनीय लागत से कम पर हुआ है, तो क्षमता की स्थापना को घरेलू उद्योग को हुई क्षति का कारण नहीं माना जा सकता है।

xxviii. पीईडीए, प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल और प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन के लिए अलग-अलग क्षति विश्लेषण के संबंध में, चीन जन. गण. से **औद्योगिक लेजर मशीनों** में प्राधिकारी के जांच परिणाम का संदर्भ दिया गया है जिसमें तीन अलग-अलग प्रकार की मशीनों को विचाराधीन उत्पाद के एक दायरे में लाया गया था और पूरे उत्पाद के लिए क्षति विश्लेषण किया गया था।

छ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

47. प्राधिकारी ने क्षति के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों के तर्कों और विरोधी तर्कों पर ध्यान दिया है। प्राधिकारी द्वारा नीचे दिया गया क्षति विश्लेषण स्वतः ही हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोधों को संबोधित करता है। तथापि, हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विशिष्ट अनुरोधों पर प्राधिकारी द्वारा निम्नानुसार ध्यान दिया गया है।

48. विचाराधीन उत्पाद का उपयोग खरपतवार नाशी के रूप में किया जाता है तथा खरीफ मौसम के लिए रोपण के समय उत्पाद की मांग होती है। उत्पाद के लिए प्राथमिक मांग केवल तब होती है जब खेती की जाती है।

49. हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि पीईडीए, प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल और प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन के लिए एक अलग क्षति विश्लेषण किया जाना चाहिए। प्राधिकारी नोट करते हैं कि, पीयूसी के दायरे की पहले से ही इस प्रकार जांच की गई है कि सभी तीन उत्पाद प्रकार एक ही आधार उत्पाद के विभिन्न रूप हैं, जिन्हें अंततः फॉर्मूलेशन के रूप में उपयोग किया जाता है, इसलिए तीनों प्रकार के उत्पादों के लिए अलग-अलग क्षति की जांच करना उचित नहीं होगा। किसी भी कानून या न्यायशास्त्र के अंतर्गत एक पीयूसी के अधीन अलग-अलग उत्पादों के रूपों के लिए अलग-अलग क्षति विश्लेषण की जांच करने की कोई आवश्यकता नहीं है। तथापि, क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी ने प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल और पीईडीए को अलग-अलग ध्यान में रखते हुए कीमत प्रभाव की जांच की है।

50. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा यह तर्क दिया गया है कि आवेदक ने लगातार क्षमता में वृद्धि की है जिसके कारण क्षति हुई है। आवेदक ने अनुरोध किया है कि प्रीटिलाक्लोर

टेक्निकल संयंत्र को चार चरणों में स्थापित किया गया है, जिसकी संयुक्त क्षमता नीचे दिए अनुसार *** एमटी है।

क. अक्टूबर, 2020 में *** एमटी का पहला संयंत्र
ख. अप्रैल, 2021 में *** एमटी का दूसरा चरण
ग. जून, 2022 में *** एमटी का तीसरा चरण
घ. जनवरी, 2023 में *** एमटी का अंतिम चरण पूरा हुआ।

51. इसके अलावा, आवेदक ने अनुरोध किया है कि *** एमटी क्षमता वाले पीईडीए संयंत्र में वाणिज्यिक उत्पादन मई, 2022 में शुरू हुआ था। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि आवेदक को नकद घाटा और ब्याज और कर पूर्व घाटा हुआ है। प्राधिकारी ने यह भी नोट किया है कि आवेदक को ब्याज, मूल्यह्रास और करों से पहले भी घाटा हो रहा था और नकद घाटा तथा ब्याज पूर्व घाटा जांच अवधि में सर्वाधिक है। अत:, कथित क्षति के लिए क्षमता विस्तार को जिम्मेदार ठहराना कठिन है।

52. आवेदक ने उत्पाद के पीईडीए, प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल और प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन रूप के लिए अलग-अलग जानकारी प्रदान की है। उत्पाद के सभी तीन रूप घरेलू बाजार में बेचे गए हैं। प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग के आर्थिक मापदंडों की जांच करने के लिए पीईडीए, प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल और प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन के समेकित आंकड़ों पर विचार किया है। क्षति जांच अवधि के सभी वर्षों के लिए, पीयूसी के सभी रूपों को प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के स्तर पर लाने के लिए रूपांतरण कारक नीचे दिए गए हैं:-

विवरण	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल	***	***	***	***
पीईडीए से प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल	***	***	***	***
फ़ॉर्मूलेशन से प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल	***	***	***	***

छ.3.1 मांग / स्पष्ट खपत का आकलन

53. वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ, प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध वस्तु की मांग या प्रत्यक्ष खपत को प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल (चूंकि प्रीटिलाक्लोर फॉर्म्यूलेशन का कोई आयात नहीं है) और पीईडीए के भारत में आयात, आवेदक के पीईडीए, प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल और

प्रीटिलाक्लोर फॉर्म्यूलेशन की घरेलू बिक्री और भारत में अन्य उत्पादकों द्वारा पीईडीए के उत्पादन के योग के रूप में परिभाषित किया है। फॉर्म्यूलेशन केवल भारत में उत्पादित प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल या आयातित प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल से तैयार किया जाता है। अतः, अन्य घरेलू उत्पादकों द्वारा प्रीटिलाक्लोर फॉर्म्यूलेशन के उत्पादन और बिक्री को मांग मूल्यांकन में शामिल नहीं किया गया है, क्योंकि इससे दोहरी गणना हो जाएगी। तथापि, मांग को निर्धारित करने के लिए अन्य उत्पादकों द्वारा पीईडीए के उत्पादन को शामिल किया गया है।

54. नीचे दी गई तालिका भारत में मांग को दर्शाती है।

क्र.सं.	**विवरण**	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**पीओआई**
1.	**संबद्ध देश से आयात**					
	पीईडीए (टेक्निकल के समतुल्य)	एमटी	5,030	3,009	5,598	4,252
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	60	111	85
	प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल (वास्तविक)	एमटी	5,316	3,110	2,563	982
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	59	48	18
	कुल आयात	एमटी	10,346	6,119	8,161	5,234
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	59	79	51
2.	**अन्य देशों से आयात**	एमटी	-	-	-	-
3.	**घरेलू उद्योग की बिक्रियां**					
	प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल (वास्तविक)	एमटी	***	***	***	***
	पीईडीए पीईडीए (टेक्निकल के समतुल्य)	एमटी	***	***	***	***
	प्रीटिलाक्लोर फार्मूलेशन पीईडीए (टेक्निकल के समतुल्य)	एमटी	***	***	***	***
	आवेदक की कुल बिक्रियां	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	799	803	2,334
4.	*अन्य उत्पादक की बिक्रियां*	एमटी	***	***	***	***

5.	**मांग**	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	67	85	63

55. यह देखा गया है कि पीयूसी की मांग 2020-21 से 2021-22 तक कम हुई है, 2022-23 में बढ़ी है और उसके बाद जांच अवधि में काफी कम हो गई। प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच अवधि में पीयूसी की मांग में उतार-चढ़ाव की प्रवृत्ति देखी गई है और अंततः इसमें गिरावट आई है।

ज.3.2 घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों का मात्रा और कीमत प्रभाव

56. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में, प्राधिकारी के लिए इस बात पर विचार करना अपेक्षित है कि क्या पाटित आयातों में समग्र रूप से या भारत में उत्पादन या खपत के संबंध में कोई उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ, प्राधिकारी ने डीजी सिस्टम्स से सौदावार आंकड़ों पर भरोसा किया है। कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में, यह विश्लेषण करना अपेक्षित है कि क्या भारत में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में कथित पाटित आयातों द्वारा कोई भारी कीमत कटौती की गई है या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव कीमतों में कमी करना है या अन्यथा ऐसी कीमत वृद्धि को रोकना है जो सामान्य प्रक्रिया में बढ़ गई होती। तदनुसार, संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों पर प्रभाव की जांच कीमत कटौती और कीमत ह्रास / न्यूनकीकरण, यदि कोई हो, के संदर्भ में की गई है। इस विश्लेषण के प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग की बिक्री की लागत और निवल बिक्री प्राप्ति (एनएसआर) की तुलना संबद्ध आयातों की पहुंच कीमत के साथ की गई है।

क. समग्र और सापेक्ष रूप से आयात

57. क्षति जांच अवधि के दौरान संबद्ध वस्तु की आयात मात्रा (प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल और प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के समतुल्य पीईडीए के लिए) तथा भारत में उत्पादन और खपत के संबंध में उसका हिस्सा (प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल और प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के पीईडीए समतुल्य के लिए) निम्नानुसार है:

क्र. सं.	**विवरण**	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**पीओआई**
1	संबद्ध देश से आयात	एमटी	10,346	6,119	8,161	5,234
	निम्न के संबंध में संबद्ध आयात					

2	कुल आयात	%	100	100	100	100
3	भारतीय उत्पादन	%	***	***	***	***
4	*प्रवृत्ति*	सूचीबद्ध	100	16	16	11
5	भारतीय मांग	%	***	***	***	***
6	*प्रवृत्ति*	सूचीबद्ध	100	89	93	80

58. यह देखा गया है कि संबद्ध आयातों में समग्र रूप से वर्ष 2021-22 में गिरावट आई, उसके बाद वर्ष 2022-23 में वृद्धि हुई है तथा जांच अवधि में पुनः गिरावट आई है।

59. आयातों में सापेक्ष रूप से भी गिरावट आई है। तथापि, उत्पादन के संबंध में आयातों में गिरावट इस तथ्य के कारण भी है कि आवेदक ने क्षति अवधि के आधार वर्ष में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू किया है। जैसे-जैसे आवेदक का उत्पादन बढ़ा है, उत्पादन के संबंध में आयातों में गिरावट आई।

ख. कीमत कटौती

60. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या आयात बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती कर रहे हैं, जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत के साथ संबद्ध आयातों की पहुंच कीमत की तुलना करके कीमत कटौती की गणना की गई है।

61. प्राधिकारी ने पीईडीए और प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के लिए घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत के साथ आयातों की पहुंच कीमत की तुलना की है। तत्पश्चात संबंधित आयात मात्रा पर विचार करने के बाद भारित औसत कीमत कटौती निर्धारित की गई है।

क्र.सं.	**विवरण**	**यूनिट**	**पीईडीए**	**प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल**	**समग्र पीयूसी**
1.	संबद्ध देश से आयात	एमटी	3,300	982	4,282
2.	निवल बिक्री कीमत	रू/एमटी	***	***	***
3.	पहुंच कीमत	रू/एमटी	4,36,638	4,23,343	4,33,589
4.	कीमत कटौती	रू/एमटी	***	***	***
5.	कीमत कटौती	%	***	***	***
6.	कीमत कटौती	रेंज	5-15%	(0-10)%	0-10%

62. यह देखा गया है कि जांच अवधि के दौरान, संबद्ध देश के मूल की संबद्ध वस्तु को घरेलू उद्योग की बिक्री कीमतों से कम कीमतों पर भारतीय बाजार में आयात किया गया था। इस प्रकार, यह नोट किया गया है कि संबद्ध वस्तु के आयात से बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती हो रही थी और कटौती का मार्जिन सकारात्मक था।

ग. कीमत ह्रास/न्यूनीकरण

63. घरेलू बाजार में मूल्य दमन और मंदी का विश्लेषण करने के प्रयोजनार्थ, प्राधिकारी ने प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल और पीईडीए के लिए आवेदक की बिक्री लागत और बिक्री मूल्य की अलग-अलग तुलना की है, जो नीचे दी गई तालिकाओं में दर्शाई गई है।

पीईडीए के लिए तालिका

क्र.सं.	**विवरण**	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**पीओआई**
1	बिक्री की लागत	एमटी	-	-	***	***
2	परिवर्तन	एमटी		-	***	***
3	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	-	-	100	69
4	बिक्री मूल्य	एमटी	-	-	***	***
5	परिवर्तन	एमटी	-	-	***	***
6	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	-	-	100	101

64. उपरोक्त तालिका में यह देखा गया है कि क्षति अवधि के दौरान आवेदक की बिक्री की लागत में कमी आई है, लेकिन बिक्री मूल्य में मामूली वृद्धि हुई है। हालांकि, यह ध्यान देने योग्य है कि बिक्री मूल्य पूरी क्षति अवधि के दौरान बिक्री की लागत से लगातार कम रहा है।

प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के लिए तालिका

क्र.सं.	विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
1	बिक्री की लागत	एमटी	-	-	***	***
2	परिवर्तन	एमटी		-	***	***
3	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	-	100	99	108
4	बिक्री मूल्य	एमटी	-	-	***	***
5	परिवर्तन	एमटी	-	-	***	***
6	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	-	100	129	80

65. उपर्युक्त तालिका में यह देखा गया है कि क्षति अवधि के दौरान, प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के लिए आवेदक की बिक्री लागत में वृद्धि हुई है, लेकिन बिक्री मूल्य में गिरावट आई है और घरेलू उद्योग ने जांच अवधि के दौरान प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल को घाटे पर बेचा है।

छ.3.3 घरेलू उद्योग के आर्थिक मापदंड

66. नियमावली के अनुबंध-II में प्रावधान है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में उद्योग की स्थिति पर असर डालने वाले सभी संगत आर्थिक कारकों और संकेतकों का वस्तुनिष्ठ और निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होना चाहिए जिसमें बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्सा, उत्पादकता, निवेश पर आय या क्षमता के उपयोग में वास्तविक और संभावित गिरावट शामिल है, घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक, पाटन मार्जिन की मात्रा, नकद प्रवाह, मालसूची, रोजगार, मजदूरी, वृद्धि और पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभाव की जांच शामिल है। तदनुसार, घरेलू उद्योग से संबंधित विभिन्न क्षति मापदंडों पर नीचे चर्चा की गई है।

67. जांच अवधि में आवेदक के निष्पाद की तुलना आधार वर्ष में उसके निष्पाद के साथ की गई है।

क. क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग और बिक्रियां

68. प्राधिकारी ने क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग और बिक्री मात्रा पर विचार किया है। नीचे दी गई तालिका वास्तविक स्थिति दर्शाती है।

क्र.सं.	**विवरण**	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**पीओआई**
1.	स्थापित क्षमता (प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के समतुल्य)	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	1,140	5,093	6,038
2.	उत्पादन (प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के समतुल्य)	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	378	1,819	1,655
3.	क्षमता उपयोग (प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के समतुल्य)	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	63	32	26
4.	घरेलू बिक्रियां (प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के समतुल्य)	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	799	803	2,334

69. यह देखा गया है कि:

क. आवेदक पहले चीन जन. गण. से प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल प्राप्त करके प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन का उत्पादन कर रहा था। आवेदक ने प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल संयंत्र और उसके बाद पीईडीए संयंत्र स्थापित किया है।

ख. आवेदक ने 4 चरणों में प्रीटिलाक्लोर संयंत्र स्थापित किया है, जिसमें पहला चरण अक्टूबर, 2020 में *** एमटी, दूसरा चरण अप्रैल, 2021 में *** एमटी, तीसरा चरण जून, 2022 में *** एमटी का और अंतिम चरण जनवरी, 2023 में पूरा हुआ। आवेदक ने मई, 2022 से पीईडीए का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू किया।

ग. क्षति अवधि में आवेदक की क्षमता में लगातार वृद्धि हुई है।

घ. आवेदक का उत्पादन 2021-22 में बढ़ा है, 2022-23 इसमें और वृद्धि हुई है और उसके बाद जांच अवधि में गिरावट आई है।

ड. आवेदक का वर्तमान क्षमता उपयोग काफी कम स्तर पर है।

च. आवेदक ने तर्क दिया है कि उसे केवल जांच अवधि के दौरान ही अपने पीईडीए और प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल संयंत्र को क्रमशः *** दिनों और *** दिनों से अधिक समय के लिए बंद करने के लिए बाध्य होना पड़ा था।

ख. मांग में बाजार हिस्सा

70. संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान संबद्ध आयातों और आवेदक के बाजार हिस्से का विश्लेषण किया गया है और वे निम्नानुसार हैं:

क्र.सं.	**बाजार हिस्सा**	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**पीओआई**
1.	संबद्ध देश	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	89	93	80
2.	घरेलू उद्योग	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	1,199	950	3,676
3.	अन्य उत्पादक	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	450	266	394

71. यह देखा गया है कि क्षति अवधि के दौरान आवेदक के बाजार हिस्से में वृद्धि हुई है तथा संबद्ध देश के आयात के हिस्से में गिरावट आई है। तथापि, प्राधिकारी नोट करते हैं कि पूर्व में आयात अत्यधिक थे तथा जांच अवधि में उनमें कमी आई है। यह भी देखा गया है कि संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान आवेदक का बाजार हिस्सा उस मांग से काफी कम है जिसे पूरा करने में आवेदक सक्षम है।

ग. लाभप्रदता, नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर आय

72. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के लाभ, नकद लाभ, ब्याज पूर्व लाभ (पीबीआईटी) और निवेश पर आय का विश्लेषण किया गया है और वे निम्नानुसार हैं:

क्र.सं.	विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
1.	लाभ/ (हानि)	रू /एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	774	1,087	2,313
2.	लाभ/ (हानि)	रू. लाख	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	6,186	8,728	53,972
3.	नकद लाभ	रू. लाख	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	-2,740	-2,608	-23,139
4.	कर पूर्व लाभ और कर	रू. लाख	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	-13,536	-19,016	-1,20,666
5.	निवेश पर आय	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	-5,271	-1,903	-10,046

73. यह देखा गया है कि:

क. आवेदक को संपूर्ण क्षति अवधि में वित्तीय घाटा हुआ है।

ख. वित्तीय घाटा, नकद घाटा और ब्याज पूर्व घाटा 2021-22 में बढ़ गया। वित्तीय घाटा और ब्याज पूर्व घाटा 2022-23 में और अधिक बढ़ गया है।

ग. वित्तीय घाटा, नकद घाटा और ब्याज पूर्व घाटा संपूर्ण क्षति अवधि में और अधिक बढ़ गया है।

घ. आवेदक नियोजित पूंजी पर ऋणात्मक आय के साथ प्रचालन कर रहा है।

ड. आवेदक को संपूर्ण क्षति अवधि में *** करोड़ रुपये का संचयी घाटा हुआ है, जबकि उत्पाद में निवेश *** करोड़ रुपये रहा है।

घ. मालसूची

74. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की मालसूची की स्थिति से संबंधित आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है और वे इस प्रकार हैं:

क्र.सं.	विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई

1	आरंभिक मालसूची	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	155	369	1,390
2	अंतिम मालसूची	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	237	1,929	433
3	औसत मालसूची	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	205	1,318	808

75. यह देखा गया है कि घरेलू उद्योग के पास मालसूची का स्तर 2022-23 तक क्षति अवधि के दौरान बढ़ा है। यद्यपि जांच अवधि में मालसूची में गिरावट आई है। तथापि, ऐसा जांच अवधि में उत्पादन के बंद होने के कारण हुआ था। आवेदक को केवल जांच अवधि में *** दिनों और *** दिनों से अधिक समय के लिए अपने पीईडीए और प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल संयंत्र को बंद करने के लिए बाध्य होना पड़ा है।

ड. रोजगार, मजदूरी और उत्पादकता

76. घरेलू उद्योग के रोजगार, मजूदरी और उत्पादकता के संबंध में स्थिति निम्नानुसार है:

क्र.सं.	**विवरण**	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**पीओआई**
1.	कर्मचारियों की संख्या	संख्या	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	104	176	224
2.	मजदूरी	रू. लाख	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	376	765	1,207
3.	प्रति कर्मचारी उत्पादकता	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	378	1,819	1,655
4.	प्रति दिन उत्पादकता	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	363	1,034	737

77. यह देखा गया है कि:

क. आवेदक के कर्मचारियों की संख्या में क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है क्योंकि आवेदक ने अपनी क्षमता का विस्तार किया है। आवेदक द्वारा क्षमता स्थापित करने से रोजगार सृजन हुआ है।

ख. आवेदक द्वारा भुगतान की गई मजदूरी में क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है।

ग. आवेदक की प्रति कर्मचारी उत्पादकता में क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है।

घ. आवेदक की प्रति दिन उत्पादकता में 2022-23 तक की क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है और उसके बाद जांच अवधि में गिरावट आई है।

च. वृद्धि

78. वृद्धि से संबंधित जानकारी नीचे दी गई है:

क्र.सं.	विवरण	यूओएम	वाई/वाई	2021-22	2022-23	पीओआई
1.	उत्पादन	एमटी	%	613%	129%	-4%
2.	बिक्रियां	एमटी	%	699%	0%	191%
3.	लाभ/(हानि) प्रति यूनिट	प्रति एमटी	%	-674%	-40%	-113%
4.	कर पूर्व लाभ	रू. लाख	%	-6086%	-41%	-518%
5.	नकद लाभ	रू. लाख	%	-2740%	5%	-819%
6.	कर पूर्व लाभ और कर	रू. लाख	%	-13536%	-41%	-537%
7.	निवेश पर आय (आरओआई)	%	%	-5271%	65%	-452%
8.	मालसूची	एमटी	%	105%	544%	-39%

79. यह देखा गया है कि आवेदक ने जांच अवधि में सभी कीमत मापदंडों में भारी नकारात्मक प्रतिकूल वृद्धि दर्ज की है।

छ. पाटन की मात्रा

80. पाटन की मात्रा इस बात का संकेतक है कि भारत में आयात किस सीमा तक पाटित किए जा रहे हैं। जांच से पता चला है कि जांच अवधि के दौरान पाटन मार्जिन सकारात्मक और काफी अधिक है।

ज. पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता

81. प्राधिकारी नोट करते हैं कि भारी और लगातार घाटे के कारण घरेलू उद्योग की पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता कम हो गई है। आवेदक ने बताया है कि उसने पीईडीए के विस्तार संयंत्र को रोक दिया है।

झ. घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक

82. प्राधिकारी नोट करतें हैं कि दोनों उत्पाद प्रकारों के लिए आयात कीमत आवेदक की बिक्री लागत से वास्तविक रूप से कम है। आवेदक अपनी कीमतों को बिक्री की लागत के अनुरूप रखने में असमर्थ रहा है। आवेदक को संपूर्ण क्षति अवधि में लगातार घाटा हुआ है। अत: संबद्ध देश से आयातों ने आवेदक की कीमतों को प्रभावित किया है।

ज. <u>कारणातमक संबंध और अन्य कारक</u>

83. प्राधिकारी ने जांच की कि क्या पाटनरोधी नियमावली के अंतर्गत सूचीबद्ध अन्य कारकों से घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती है। प्राधिकारी ने पाटित आयातों के अलावा ऐसे अन्य ज्ञात कारकों की जांच की तथा यह पता लगाया कि क्या ये कारक उसी समय घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचा रहे हैं ताकि अन्य कारकों की वजह से हुई क्षति यदि कोई हो, के लिए पाटित आयातों को जिम्मेदार न ठहराया जाए। इस संबंध में, संगत कारकों में अन्य बातों के साथ-साथ पाटित कीमतों पर नहीं बेची गई संबद्ध वस्तु की मात्रा, मांग में संकुचन या खपत की प्रवृत्ति में परिवर्तन, व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथाएं, प्रौद्योगिकी में परिवर्तन, आवेदक का निर्यात निष्पादन तथा घरेलू उद्योग की उत्पादकता शामिल हैं।

क. तीसरे देशों से आयात की मात्रा तथा कीमत

84. यह देखा गया है कि विचाराधीन उत्पाद का अन्य देशों से कोई आयात नहीं हुआ है। इसलिए, अन्य देशों से आयात आवेदक को हुई वास्तविक क्षति का कारण नहीं है।

ख. मांग में संकुचन

85. यह देखा गया है कि क्षति जांच अवधि के दौरान मांग में उतार-चढ़ाव हुआ है तथा जांच अवधि में संकुचन हुआ है। यह देखते हुए कि पीयूसी के लिए 3 वर्ष की शेल्फ लाइफ है, संकुचन के लिए किसी वर्ष विशेष को जिम्मेदार ठहराना कठिन है। यदि पीओआई के लिए मांग में संकुचन मान भी लिया जाता है, फिर भी मांग घरेलू उद्योग की बिक्री की

तुलना में काफी अधिक रही है और अच्छी क्षमता होने के बावजूद, घरेलू उद्योग का हिस्सा मामूली ही रहा है। अत: यह क्षति में योगदान देने वाला कारक प्रतीत नहीं होता है।

ग. खपत की प्रवृत्ति में परिवर्तन

86. क्षति अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद के लिए खपत की प्रवृत्ति में ऐसा कोई बदलाव नहीं हुआ है जिससे आवेदक को क्षति हो सकती है।

घ. प्रतिस्पर्धा की स्थिति और व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथाएं

87. जांच ने प्रतिस्पर्धा की स्थितियों या ऐसी किसी प्रतिबंधात्मक व्यापार प्रथा में कोई बदलाव नहीं दर्शाया है।

ड. प्रौद्योगिकी में विकास

88. यह दर्शाने के लिए कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है कि प्रौद्योगिकी में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं हुआ हैं।

च. घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादन

89. आवेदक के घरेलू प्रचालन से संबंधित जानकारी पर विचार किया गया है।

छ. अन्य उत्पादों का निष्पादन

90. घरेलू उद्योग ने विचाराधीन उत्पाद के लिए क्षति संबंधी आंकड़े उपलब्ध कराए हैं और प्राधिकारी ने क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ उन्हें अपनाया है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और बेचे गए अन्य उत्पादों के निष्पादन पर विचार नहीं किया गया है।

ज.1 <u>क्षति और कारणात्मक संबंध का निष्कर्ष</u>

91. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के निष्पादन का विश्लेषण घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति दर्शाता है। पाटित आयातों और घरेलू उद्योग को हुई क्षति के बीच कारणात्मक संबंध निम्नलिखित आधारों पर सिद्ध होता है:

i. संबद्ध आयातों की मात्रा में 2021-22 में समग्र रूप से गिरावट आई है, उसके बाद 2022-23 में वृद्धि हुई है और जांच अवधि में पुन: गिरावट आई है। आयातों में भी सापेक्ष रूप से गिरावट आई है। तथापि, उत्पादन के संबंध में आयातों में गिरावट इस तथ्य के कारण भी हुई है कि घरेलू उद्योग ने क्षति अवधि के आधार वर्ष में वाणिज्यिक उत्पादन की शुरूआत की है। जैसे-जैसे घरेलू उद्योग का उत्पादन बढ़ा, उत्पादन के संबंध में आयातों में गिरावट आई।

ii. संबद्ध वस्तु के आयात से बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती हो रही है और जांच अवधि में कटौती का मार्जिन सकारात्मक और काफी अधिक है।

iii. आयातों से घरेलू बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों में न्यूनीकरण हो रहा है।

iv. घरेलू उद्योग का उत्पादन 2021-22 में बढ़ा है, 2022-23 में इसमें और वृद्धि हुई है तथा उसके बाद जांच अवधि में गिरावट आई है। आवेदक का वर्तमान क्षमता उपयोग काफी कम स्तर पर रहा है।

v. संपूर्ण क्षति अवधि में बाजार हिस्सा उसे मांग से काफी कम है जिसे घरेलू उद्योग पूरा करने में सक्षम है।

vi. पूरी क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के वित्तीय घाटे, नकद घाटे तथा ब्याज पूर्व घाट में और अधिक वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग नियोजित पूंजी पर नकारात्मक आय के साथ प्रचालन कर रहा है।

vii. 2022-23 तक क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की मालसूची के स्तर में वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादन निलंबित किए जाने के कारण जांच अवधि में मालसूची के स्तर में गिरावट आई है।

92. उपरोक्त विश्लेषण से संकेत मिलता है कि घरेलू उद्योग को संबद्ध देश से भारत में विचाराधीन उत्पाद के बढ़े हुए पाटित आयातों के कारण वास्तविक क्षति हो रही है। संबद्ध देश के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के पाटित आयातों में वृद्धि तथा घरेलू उद्योग को हुई वास्तविक क्षति के बीच कारणात्मक संबंध मौजूद है।

झ. <u>क्षति मार्जिन की मात्रा</u>

93. प्राधिकारी ने यथा संशोधित अनुबंध-III के साथ पठित नियमावली में निर्धारित सिद्धांतों के आधार पर घरेलू उद्योग के लिए एनआईपी निर्धारित की है। विचाराधीन उत्पाद की एनआईपी को जांच अवधि के लिए घरेलू उद्योग द्वारा प्रदत्त उत्पादन लागत से संबंधित सूचना/आंकड़ों को अपनाकर निर्धारित किया गया है। एनआईपी पर क्षति मार्जिन की गणना हेतु संबद्ध देश से पहुंच कीमत की तुलना के लिए विचार किया गया है। एनआईपी के निर्धारण के लिए कच्ची सामग्री और सुविधाओं के सर्वोत्तम उपयोग पर क्षति अवधि के दौरान उत्पादन क्षमता के सर्वोत्तम उपयोग पर विचार किया गया है। उत्पादन लागत से असाधारण या गैर आवर्ती व्ययों को अलग रखा गया है। विचाराधीन उत्पाद के लिए औसत नियोजित पूंजी (अर्थात् औसत निवल स्थिर परिसंपत्ति जमा औसत कार्यशील पूंजी) पर नियमावली के अनुबंध-III में यथा विहित एनआईपी ज्ञात करने के लिए एक तर्कसंगत आय (कर पूर्व 22 प्रतिशत की दर से) के कर पूर्व लाभ की अनुमति दी गई थी।

94. उचित तुलना के लिए पीईडीए और प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के लिए एनआईपी और पहुंच कीमत की अलग-अलग गणना की गई है और उसके बाद भारित औसत निर्धारित किया गया है, जिसका उल्लेख नीचे क्षति मार्जिन तालिका में किया गया है।

95. ऊपर यथा निर्धारित पहुंच कीमत और एनआईपी के आधार पर प्राधिकारी द्वारा प्रस्तावित क्षति मार्जिन नीचे तालिका में दिया गया है।

<u>क्षति मार्जिन तालिका</u>

क्र.सं.	**उत्पादक**	**एनआईपी (यूएस डॉलर/एमटी)**	**पहुंच (यूएस डॉलर/एमटी)**	**क्षति मार्जिन (यूएस डॉलर/एमटी)**	**क्षति मार्जिन (%)**	**मार्जिन रेंज (%)**
1	अनहुई फ़ुटियन एग्रोकेमिकल कंपनी, लिमिटेड	***	***	***	***	20-30
2	इनर मंगोलिया लैंग बायोटेक्नोलॉजी कंपनी, लिमिटेड	***	***	***	***	25-35
3	लायन एग्रेवो (नानटोंग) कंपनी, लिमिटेड	***	***	***	***	20-30

4	हांग्जो न्यूट्रीकेम कंपनी, लिमिटेड	***	***	***	***	35-45
5	कैपिटल इंडस्ट्री कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड, / शेडोंग क़ियाओचांग मॉडर्न एग्रीकल्चर कं, लिमिटेड, / शेडोंग क़ियाओचांग मॉडर्न इंटरनेशनल कं, लिमिटेड / क्यूसीसी शंघाई कं, लिमिटेड,	***	***	***	***	25-35
6	कोई अन्य	***	***	***	***	35-45

ञ. <u>भारतीय उद्योग का हित और अन्य मुद्दे</u>

ञ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

96. जनहित के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. यदि पाटनरोधी शुल्क लगाया जाता है, तो आवश्यक शाकनाशी की लागत में वृद्धि होने की संभावना है, जिससे किसानों के लिए उत्पादन लागत बढ़ जाएगी, जिससे उनका लाभ मार्जिन कम हो सकता है और चावल की खेती आर्थिक रूप से कम व्यवहार्य हो सकती है।

ख. खरपतवारनाशी जैसे कृषि इनपुट के लिए उच्चतर कीमतें समग्र मुद्रास्फीति को बढ़ा सकती है, जो विशेष रूप से चावल जैसे मुख्य खाद्य पदार्थों की कीमतों को प्रभावित कर सकते हैं।

ग. जनहित और उपभोक्ता कल्याण के दृष्टिकोण से, ऐसे शुल्क लगाए जाने से चावल और अन्य संबंधित उत्पादों की कीमतें बढ़ सकती हैं, जिससे कम आय वाले परिवारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

घ. यदि विचाराधीन उत्पाद पर कोई एडीडी लगाया जाता है, तो पीईडीए की पहुंच लागत बढ़ जाएगी क्योंकि भारत में इस उत्पाद का केवल एक विनिर्माता है।

ड. जैसी मांग की गई है, एडीडी आयातित उत्पाद (पीईडीए) की लागत में 30-40 प्रतिशत की वृद्धि कर सकता है, जिसका डाउनस्ट्रीम उत्पादों की लागत पर समान वृद्धिकारी प्रभाव पड़ेगा।

च. उत्पाद के लिए अन्य प्रतिस्थापन उपलब्ध हैं और यदि पाटनरोधी शुल्क लगाया जाता है, तो उपभोक्ता अन्य उत्पादों की ओर रुख करेंगे।

ञ.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

97. जनहित के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने का प्रयोक्ताओं पर प्रभाव नगण्य है। अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अपने कथन का समर्थन करने के लिए कोई साक्ष्य नहीं दिया है कि पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने से अंतिम उत्पाद की लागत बढ़ जाएगी।

ख. यद्यपि पीईडीए का आयात कीमत अप्रैल, 2021 में 571 रुपये प्रति किलोग्राम से घटकर जांच अवधि में 408 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है, तथापि प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन की कीमतों में वृद्धि हुई है। प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन की कीमतें प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल की कीमतों से प्रभावित हुए बिना लगभग समान स्तर पर रही हैं। इससे पता चलता है कि इन उत्पादों की कीमतों के बीच कोई संबंध नहीं है।

ग. किसान के लिए उत्पाद की खपत कम है। किसान आमतौर पर 100 लीटर पानी में लगभग 1 लीटर प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन मिलाते हैं, जिसका उसके बाद 1 एकड़ क्षेत्र में छिड़काव किया जाता है । अत:, प्रति लीटर प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन की खपत केवल 1 प्रतिशत है। प्रत्येक बोतल की कीमत लगभग 350 रुपये है। इसका अर्थ है कि एक किसान के लिए प्रति एकड़ लागत केवल 350 रुपये है।

घ. प्रत्येक मौसम प्रति एकड़ भूमि पर फॉर्मूलेशन का उपयोग करने वाले किसानों पर पाटनरोधी शुल्क का प्रभाव मात्र 21 रुपये है।

ड. घरेलू उद्योग से खरीद करना उपभोक्ताओं के हित में है क्योंकि जहां संबद्ध देश में उत्पादक आय को अधिकतम करने के उद्देश्य से काम करेंगे, वहीं आवेदक

उसी राष्ट्रीय क्षेत्र में स्थापित होने के कारण उपभोक्ता के हितों को ध्यान में रखेगा।

च. वर्तमान मामले में पाटनरोधी उपायों को लागू करना राष्ट्र हित में होगा।

छ. पाटनरोधी शुल्क लगाने से यह सुनिश्चित होगा कि पाटित आयात उचित कीमत पर हों, जो घरेलू उद्योग के हित में होगा।

ज. भारत में प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के बड़ी संख्या में उत्पादक हैं। आवेदक और ये उत्पादक देश में प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल की संपूर्ण मांग को पूरा कर सकते हैं।

झ. आवेदक ने आरंभ में पीईडीए के लिए 2 संयंत्र स्थापित करने की योजना बनाई थी, परंतु देश में पाटन के कारण आवेदक ने अपना दूसरा संयंत्र रोक दिया है। यदि आवेदक अपना दूसरा संयंत्र स्थापित करता है तो वह देश में पीईडीए की संपूर्ण मांग को पूरा करने में सक्षम होगा।

ञ. पाटनरोधी उपायों को लागू करना उपभोक्ताओं के हित में होगा। उचित कीमत वाले आयातों के साथ प्रतिस्पर्धा करने और उपभोक्ताओं को उत्पाद की आपूर्ति करने में सक्षम एक प्रतिस्पर्धी भारतीय उद्योग का होना उपभोक्ता के हित में है, जिससे उन्हें बिक्री पश्चात सेवाओं तक सरल पहुंच मिलेगी।

ट. उत्पाद का मजबूत, प्रतिस्पर्धी घरेलू उत्पादन होना आम जनता के हित में है। यह संभव नहीं होगा यदि घरेलू उद्योग को पाटित आयातों के कारण क्षति/वास्तविक क्षति होती है। अत: पाटनरोधी उपायों को लागू करना अनिवार्य है।

ञ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

98. प्राधिकारी ने इस बात पर विचार किया है कि क्या प्रस्तावित पाटनरोधी शुल्क लगाना जनहित के विरुद्ध होगा। यह निर्धारण घरेलू उद्योग, आयातकों और उत्पाद के उपभोक्ताओं सहित विभिन्न पक्षकारों के रिकार्डों और हितों संबंधी जानकारी पर विचार पर आधारित है।

99. प्राधिकारी ने आयातकों, उपभोक्ताओं और अन्य हितबद्ध पक्षकारों सहित सभी हितबद्ध पक्षकारों से विचार आमंत्रित करते हुए राजपत्र अधिसूचना जारी की थी। प्राधिकारी ने प्रयोक्ताओं के लिए एक प्रश्नावली भी निर्धारित की ताकि वे वर्तमान जांच के संबंध में संगत जानकारी प्रदान कर सकें, जिसमें उनके प्रचालन पर पाटनरोधी शुल्क का संभावित

प्रभाव शामिल हो। प्राधिकारी ने अन्य बातों के साथ-साथ विभिन्न देशों के विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं द्वारा आपूर्ति किए गए उत्पाद के एक दूसरे के स्थान पर प्रयोग, स्रोतों को बदलने की क्षमता, उपभोक्ताओं पर पाटनरोधी शुल्क का प्रभाव, पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने से उत्पन्न नई स्थिति के लिए समायोजन में तेजी लाने या देरी करने के लिए संभावित कारकों के बारे में जानकारी मांगी थी।

100. प्राधिकारी इस बात पर जोर देते हैं कि पाटनरोधी शुल्क का प्राथमिक उद्देश्य पाटन की अनुचित व्यापार प्रथाओं द्वारा घरेलू उद्योग को हुई क्षति में सुधार करना है, जिससे भारतीय बाजार में खुली और न्यायसंगत प्रतिस्पर्धा का वातावरण बन सके। पाटनरोधी उपायों की सिफारिश, यदि कोई हो, मनमाने ढंग से संबद्ध देश से आयातों में कटौती करने के लिए डिजाइन नहीं की गई है अपितु, यह पाटन, क्षति और इन दोनों के बीच कारणात्मक संबंध के बारे में विस्तृत विश्लेषण पर आधारित है और यह एक समान अवसर वाली प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने का तंत्र है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि भारतीय बाजार में उचित प्रतिस्पर्धा का मूल तत्व ऐसे उपायों की मौजूदगी से बाधित नहीं होगा। प्रतिस्पर्धा को कम करने के बजाय, पाटनरोधी उपाय पाटन प्रथाओं के माध्यम से अनुचित लाभों के संचय को रोकने का कार्य करते हैं। यह विचाराधीन उत्पाद के व्यापक चयन के लिए उपभोक्ताओं की पहुंच की रक्षा करता है। इस प्रकार, पाटनरोधी शुल्क बाधा नहीं हैं अपितु उचित व्यापार प्रथाओं में सुविधा प्रदान करते हैं।

101. प्राधिकारी ने आयातकों, उपभोक्ताओं और अन्य हितबद्ध पक्षकारों सहित सभी हितबद्ध पक्षकारों से विचार आमंत्रित करते हुए जांच शुरूआत अधिसूचना जारी की थी। प्राधिकारी ने प्रयोक्ताओं/उपभोक्ताओं के लिए एक प्रश्नावली भी निर्धारित की ताकि वे वर्तमान जांच के संबंध में संगत जानकारी प्रदान कर सकें, जिसमें उनके प्रचालन पर पाटनरोधी शुल्क का संभावित प्रभाव शामिल हो। प्राधिकारी ने अन्य बातों के साथ-साथ विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं द्वारा आपूर्ति किए गए उत्पाद के एक दूसरे के स्थान पर प्रयोग, स्रोतों को बदलने की घरेलू उद्योग की क्षमता, उपभोक्ताओं पर पाटनरोधी शुल्क का प्रभाव, पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने से उत्पन्न नई स्थिति के लिए समायोजन में तेजी लाने या देरी करने के लिए संभावित कारकों के बारे में जानकारी मांगी थी।

102. निम्नलिखित प्रयोक्ताओं ने वर्तमान जांच में स्वयं को एक हितबद्ध पक्षकार के रूप में पंजीकृत किया है।

i. क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड
ii. एचपीएम केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड
iii. कृषि रसायन एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड

iv. यूनिवर्सल एग्रो केमिकल इंडस्ट्रीज
v. विलोवुड केमिकल्स लिमिटेड

103. प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों की जांच की है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि पंजीकृत हितबद्ध प्रयोक्ताओं में से केवल एचपीएम केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड ने आर्थिक हित प्रश्नावली प्रस्तुत की है। तथापि, विरोधी हितबद्ध पक्षकार ने डाउनस्ट्रीम उद्योग और अंतिम उपभोक्ताओं पर पाटनरोधी शुल्क के संभावित प्रभाव के संबंध में कोई सत्यापन योग्य जानकारी प्रदान नहीं की है।

104. घरेलू उद्योग ने अंतिम उपभोक्ता पर शुल्क के प्रभाव के बारे में मात्रात्मक सूचना प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की है। यह नोट किया जाता है कि भारतीय बाजार में प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन विभिन्न सांद्रण में बेचा जाता है जिसे किसान खरीदते हैं। रिकॉर्ड में उपलब्ध सूचना के अनुसार, यह नोट किया जाता है कि पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के कारण प्रयोक्ताओं पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा।

105. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जहां तक पीईडीए का संबंध है, वर्तमान जांच में मांग-आपूर्ति में अंतर मौजूद है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के संबंध में आवेदक के पास अन्य उत्पादकों के साथ-साथ संपूर्ण घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमता है। पीईडीए के लिए आवेदक ने पहले ही देश में *** एमटी की क्षमता स्थापित कर ली है। आवेदक ने *** एमटी का दूसरा संयंत्र भी स्थापित करने की योजना बनाई थी जिसे संबंधित देश से उत्पाद के पाटन के कारण रोक दिया गया था। यद्यपि घरेलू उद्योग के पास मौजूदा क्षमता का अधिकांश हिस्सा अप्रयुक्त है, तथापि बढ़ी हुई क्षमता से घरेलू बाजार में मांग-आपूर्ति के अंतर को पाटे जाने की संभावना भी है।

106. इस संबंध में, यह भी नोट किया जाता है कि मांग-आपूर्ति के बीच अंतर की मौजूदगी किसी भी स्थिति में पाटन को उचित नहीं ठहराती है। सेस्टेट ने **डीएसएम इडिमेत्सु लिमिटेड बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी**[15] के मामले में और गुजरात उच्च न्यायालय ने **एनओसीआईएल लिमिटेड बनाम भारत सरकार**[16] के मामले में यही बात मानी है। गुजरात उच्च न्यायालय ने इस संबंध में निम्नलिखित माना है:

[15] 2000(119) ईएलटी 308 (टीआरआई - डीईएल)
[16] एआईआर 2019 (गुज. 498)

"जहां मांग और आपूर्ति के बीच अंतर मौजूद हो, वहां आयात अपरिहार्य है परंतु यह अनुचित और पाटित कीमतों पर भारत में आने वाले आयातों का औचित्य नहीं है। याचिकाकर्ता द्वारा प्राधिकारी को उपलब्ध कराई गई जानकारी के मद्देनजर, यह स्पष्ट रूप से पाया गया है कि वर्तमान मामले में लगातार पाटन हो रहा है और इसलिए मांग और आपूर्ति का अंतर ऐसे आयात की अनुमति देने का आधार नहीं बनता है।"

107. प्राधिकारी ने यह भी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क लगाने से आयात प्रतिबंधित नहीं होते हैं। आयात उचित कीमतों पर होना जारी रहेंगे। पाटनरोधी शुल्क यह सुनिश्चित करता है कि आयात उचित कीमतों पर भारतीय बाजार में प्रवेश कर रहे हैं और विदेशी निर्यातकों और घरेलू उद्योग के बीच समान अवसर की प्रतिस्पर्धा बनी हुई है।

ट. प्रकटन पश्चात टिप्पणियां

ट.1. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

108. प्रकटीकरण विवरण पर अन्य हितबद्ध पक्षों द्वारा निम्नलिखित टिप्पणियां की गई हैं।

i. पाटनरोधी शुल्क वास्तविक डंपिंग और क्षति को संबोधित करना चाहिए, न कि काल्पनिक भविष्य के आयात को। इसके अलावा, कोई सबूत नहीं बताता है कि प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन के आयात से घरेलू उद्योग को नुकसान होगा।

ii. घरेलू उद्योग की स्थिति संदिग्ध है, क्योंकि याचिकाकर्ता का बाजार हिस्सा एचपीएम केमिकल एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड जैसे अन्य प्रमुख उत्पादकों की तुलना में छोटा है।

iii. आयातित पीईडीए का उपयोग करने वाले उत्पादकों को स्थिति मूल्यांकन से बाहर नहीं रखा जाना चाहिए क्योंकि पीईडीए अंतिम उत्पाद के बजाय कच्चा माल है।

iv. इच्छुक पक्ष चीन जन. गण. के लिए "सरोगेट देश" पद्धति के उपयोग का विरोध करते हैं, यह तर्क देते हुए कि गैर-बाजार अर्थव्यवस्था (एनएमई) के रूप में इसका वर्गीकरण डब्ल्यूटीओ प्रावधानों के अनुरूप नहीं है। वे 11 दिसंबर, 2016 को चीन के डब्ल्यूटीओ परिग्रहण प्रोटोकॉल के अनुच्छेद 15 की समाप्ति और फास्टनर मामले में डब्ल्यूटीओ अपीलीय निकाय के फैसले का हवाला देते हुए जोर देते हैं कि चीन जन. गण. को बाजार अर्थव्यवस्था का दर्जा दिया जाना चाहिए। वे अनुरोध करते हैं कि वास्तविक घरेलू बिक्री या लागत डेटा का उपयोग करके सामान्य मूल्य निर्धारित किया जाए।

v. इच्छुक पक्षों का तर्क है कि प्रीटिलाक्लोर की इकाई लागत पीईडीए की तुलना में कम होनी चाहिए, क्योंकि पीईडीए इसका प्रमुख मध्यवर्ती है। हालांकि, प्राधिकारी ने पीईडीए के लिए लगभग यूएसडी 6,500/ एमटी और प्रीटिलाक्लोर के लिए यूएसडी 7,000/ एमटी पर एन आई पी की गणना की है, जो उनके तर्क के अनुसार गलत है। वे प्राधिकारी से एन आई पी गणना पर फिर से विचार करने का अनुरोध करते हैं।

vi. इच्छुक पक्ष एन आई पी निर्धारण में 22% रिटर्न ऑन कैपिटल एम्प्लॉयड (आरओसीई) के आवेदन को चुनौती देते हैं, जिसमें कहा गया है कि यह आंकड़ा 1987 में स्थापित किया गया था जब ब्याज दरें और कॉर्पोरेट कर की दरें वर्तमान की तुलना में काफी अधिक थीं। उनका तर्क है कि इस पुराने मानक को लागू करना जारी रखने से क्षति मार्जिन बढ़ता है और यह आर्थिक वास्तविकता के साथ असंगत है।

vii. पाटनरोधी शुल्क लगाना सार्वजनिक हित के खिलाफ बताया गया है, क्योंकि प्रीटिलाक्लोर चावल की खेती के लिए एक महत्वपूर्ण शाकनाशी है। इच्छुक पक्षों का तर्क है कि शुल्क लगाने से किसानों की उत्पादन लागत बढ़ेगी, फसल की पैदावार कम होगी और मुद्रास्फीति में योगदान होगा। वे यह भी तर्क देते हैं कि इस तरह के उपायों से कृषि उत्पादकता को नुकसान हो सकता है, क्षेत्र में रोजगार प्रभावित हो सकता है और जवाबी व्यापार कार्रवाइयों को बढ़ावा मिल सकता है। इन चिंताओं के मद्देनजर, वे प्राधिकारी से शुल्कों की सिफारिश करने से पहले व्यापक आर्थिक प्रभाव का सावधानीपूर्वक आकलन करने का आग्रह करते हैं।

viii. पीईडीए पर कोई पाटनरोधी शुल्क नहीं लगाया जाना चाहिए, क्योंकि यह भारतीय किसानों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले प्रीटिलाक्लोर तकनीकी और शाकनाशी फॉर्मूलेशन के उत्पादन के लिए एक आवश्यक कच्चा माल है।

ix. पीईडीए पर एडीडी लगाने से एकाधिकार की स्थिति पैदा हो जाएगी, क्योंकि याचिकाकर्ता पीईडीए का एकमात्र घरेलू उत्पादक है। इच्छुक पक्षों ने प्रस्तुत किया है कि घरेलू उद्योग मूल्यांकन से अन्य प्रीटिलाक्लोर तकनीकी उत्पादकों को बाहर रखने के परिणामस्वरूप क्षति मार्जिन में वृद्धि हुई है, जो 20-45% की सीमा में एडीडी में परिवर्तित हो सकती है, जिसके गंभीर आर्थिक परिणाम हो सकते हैं।

x. प्राधिकारी से अनुरोध है कि वे पीईडीए और प्रीटिलाक्लोर को समान वस्तुओं के रूप में मानने के अपने औचित्य को स्पष्ट करें, क्योंकि इच्छुक पक्षों का तर्क है कि वे न तो

तकनीकी रूप से और न ही व्यावसायिक रूप से प्रतिस्थापन योग्य हैं। वे प्राधिकारी के पिछले निष्कर्षों का हवाला देते हैं, जिसके अनुसार उत्पादों को समान वस्तुओं के रूप में माना जाने के लिए दो-तरफ़ा प्रतिस्थापनीयता स्थापित करना आवश्यक था और प्राधिकारी से एक सुसंगत दृष्टिकोण अपनाने का अनुरोध करते हैं।

xi. प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल, पीईडीए और फॉर्मूलेशन से क्षति डेटा को संयोजित करने की प्राधिकारी की कार्यप्रणाली को चुनौती दी गई है, जिसमें इच्छुक पक्षों का तर्क है कि पीईडीए से प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल में रूपांतरण लागत को लैंडेड वैल्यू तुलना में शामिल किया जाना चाहिए। वे मूल्य अंडरकटिंग और क्षति मार्जिन निर्धारित करने के लिए उपयोग की जाने वाली कार्यप्रणाली पर और अधिक पारदर्शिता का अनुरोध करते हैं।

xii. इच्छुक पक्षों का तर्क है कि प्रस्तुत क्षति संबंधी आंकड़े चार वर्ष की क्षति अवधि की आवश्यकता को पूरा नहीं करते हैं तथा इससे विकृत विश्लेषण हो सकता है।

xiii. प्राधिकारी से अनुरोध है कि वह पुष्टि करे कि क्या प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन पर डेटा को क्षति मूल्यांकन में शामिल किया गया था, और पूरे पीयूसी के लिए लागत और बिक्री मूल्य डेटा को संयोजित करने के लिए इस्तेमाल की गई पद्धति को स्पष्ट करे।

ट.2. घरेलू उद्योग द्वारा अनुरोध

109. घरेलू उद्योग द्वारा प्रकटीकरण विवरण पर निम्नलिखित टिप्पणियां की गई हैं।

i. घरेलू उद्योग ने इस दावे का खंडन किया है कि प्रीटिलाक्लोर और पेडा की मांग में गिरावट आई है। इसके बजाय, यह दलील दी गई है कि मांग में उतार-चढ़ाव चीन जन. गण. से अत्यधिक आयात का प्रत्यक्ष परिणाम है, जिसने बाजार को बाधित कर दिया है।

ii. डेटा दर्शाता है कि पिछले वर्षों में आयात काफी अधिक था, जिससे घरेलू उत्पादन प्रभावित हुआ और मांग के आंकड़े विकृत हुए।

iii. आवेदक को संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान लगातार वित्तीय घाटा, नकद घाटा और नियोजित पूंजी पर नकारात्मक रिटर्न का सामना करना पड़ा है।

iv. कम कीमत वाले आयातों के प्रवाह के कारण घरेलू उद्योग को कई बार उत्पादन बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। जांच की अवधि के दौरान, पीईडीए प्लांट 150 दिनों

से अधिक समय तक बंद रहा और प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल प्लांट 200 दिनों से अधिक समय तक बंद रहा, तकनीकी या आपूर्ति बाधाओं के कारण नहीं बल्कि केवल डंपिंग के कारण। प्राधिकारी से अनुरोध है कि वे क्षति का आकलन करते समय इन बंदियों को सामान्य करने के बजाय उन्हें ध्यान में रखें।

v. डंपिंग ने घरेलू उद्योग के लिए परिचालन की पूरी श्रृंखला को प्रभावित किया है। आवेदक अन्य उत्पादकों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में असमर्थ है, जिनके पास चीन जन. गण. से डंप किए गए पीईडीए तक पहुंच है, जिससे उत्पादन लागत में वृद्धि हुई है और लागत वसूल करने में असमर्थता है।

vi. कम कीमत वाले आयातों ने असमान खेल का मैदान बनाया है, जिससे घरेलू उद्योग अपने परिचालन का विस्तार करने से रुक गया है।

vii. घरेलू उद्योग प्राधिकारी से पांच साल की अवधि के लिए पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करने का पुरजोर आग्रह करता है। कम अवधि उद्योग को नुकसान से उबरने और उत्पादन को स्थिर करने के लिए पर्याप्त समय नहीं देगी। उद्योग का दावा है कि शुल्क आयात को खत्म नहीं करेंगे बल्कि केवल निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करेंगे।

ट.3. प्राधिकारी द्वारा जांच

110. प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षों द्वारा किए गए प्रकटीकरण-पश्चात प्रस्तुतियों की जांच की है। यह देखा गया है कि इनमें से अधिकांश प्रस्तुतियां उन तर्कों और विवादों की पुनरावृत्ति हैं जिनकी पहले ही जांच की जा चुकी है और इन अंतिम निष्कर्षों के प्रासंगिक पैराग्राफों में आवश्यकतानुसार संबोधित किया गया है। संक्षिप्तता के लिए, प्राधिकारी ने इस प्रकटीकरण-पश्चात जांच में ऐसे मुद्दों पर उत्तरों को दोहराने से परहेज किया है। हालांकि, प्रकटीकरण-पश्चात प्रस्तुतियों में पहली बार उठाए गए किसी भी नए मुद्दे, साथ ही वे मुद्दे जिन्हें पहले संबोधित किया गया था लेकिन आगे जांच करना आवश्यक समझा गया, उनका समाधान नीचे किया गया है।

111. इस प्रस्तुतिकरण के संबंध में कि ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जो यह सुझाव दे कि प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन के आयात से घरेलू उद्योग को नुकसान होगा, प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन को शामिल करने के औचित्य की पहले ही ऊपर जांच की जा चुकी है। वर्तमान जांच के दायरे में प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन को शामिल करने के लिए पर्याप्त औचित्य है।

112. इस दलील पर कि आयातित पीईडीए का उपयोग करने वाले उत्पादकों को स्थायी मूल्यांकन से बाहर नहीं रखा जाना चाहिए क्योंकि पीईडीए एक कच्चा माल है, प्राधिकारी

ने नोट किया कि इस मुद्दे की पहले ही ऊपर जांच की जा चुकी है। यह पहले ही पाया जा चुका है कि विचाराधीन उत्पाद के दायरे में पीईडीए को शामिल करने के लिए पर्याप्त औचित्य है, जो उत्पादक पीईडीए का आयात कर रहे हैं वे उत्पाद के एक रूप के आयातक हैं और इसलिए उन्हें पात्र भारतीय उत्पादन नहीं माना जा सकता है। यह प्राधिकारी की सुसंगत प्रथा के अनुरूप है।

113. चीन जन. गण. के लिए "सरोगेट देश" पद्धति के उपयोग के संबंध में अन्य इच्छुक पक्षों द्वारा प्रस्तुत किए गए निवेदन के संबंध में, जिसमें तर्क दिया गया है कि गैर-बाजार अर्थव्यवस्था (एनएमई) के रूप में इसका वर्गीकरण डब्ल्यूटीओ प्रावधानों के साथ असंगत है, यह नोट किया जाता है कि किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने अपने किसी भी प्रश्नावली के उत्तर में चीन पीआर की गैर-बाजार अर्थव्यवस्था की स्थिति पर विवाद नहीं किया या कोई पूरक प्रश्नावली दायर नहीं की। परिणामस्वरूप, प्राधिकारी ने वर्तमान जांच में चीन जन. गण. को एक गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में मानना उचित समझा।

114. उपभोक्ताओं पर पाटनरोधी शुल्क के प्रभाव के बारे में विवाद पर, प्राधिकारी ने नोट किया कि अन्य इच्छुक पक्षों में से किसी ने भी अंतिम उपभोक्ताओं पर पाटनरोधी शुल्क के प्रभाव के बारे में सत्यापन योग्य मात्रात्मक जानकारी प्रस्तुत नहीं की है। प्रस्तुतीकरण के आधार पर, प्राधिकारी ने नोट किया कि भारतीय बाजार में बेचा जाने वाला प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन विभिन्न सांद्रता के साथ आता है, और रिकॉर्ड पर जानकारी के अनुसार पाटनरोधी शुल्क का प्रभाव, जो नीचे दिया गया है, दर्शाता है कि प्रभाव काफी कम है। तालिका आगे यह निष्कर्ष निकालती है कि मूल्य वृद्धि सांद्रता के आधार पर केवल 21 रुपये या 16 रुपये प्रति बोतल है, यह देखते हुए कि प्रीटिलाक्लोर की एक बोतल 1 एकड़ भूमि में उपयोग की जाती है। इसलिए, प्रति एकड़ भूमि पर प्रति सीजन पाटनरोधी शुल्क का प्रभाव 21 रुपये है।

क्र.सं.	**विवरण**	**जे यू (Pret 50%)**	**हाईफिट प्लस (Pret 37%)**
1.	डाउनस्ट्रीम उत्पाद की कीमत रुपये प्रति लीटर (एक लीटर की बोतल)	710	350
2.	प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल का मूल्य रुपए प्रति किलोग्राम	423	423
3.	डाउनस्ट्रीम उत्पाद में प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल की सांद्रता	50%	37%
4.	यदि एडीडी के कारण कीमत 10% बढ़ जाती है	42	42

5.	प्रति बोतल एडीडी का प्रभाव (सांद्रता के आधार पर)	21	16
6.	डाउनस्ट्रीम उत्पाद की कीमत पर एडीडी के कारण प्रभाव % में (रु. प्रति लीटर)	3%	5%

115. अन्य इच्छुक पक्षों के इस अनुरोध के संबंध में कि प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल, पीईडीए और प्रीटिलाक्लोर फॉर्मूलेशन के लिए क्षति डेटा को संयुक्त करने पर विचार करते हुए पीईडीए से प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल में रूपांतरण लागत को लैंडेड मूल्य तुलना में शामिल किया जाना चाहिए, यह नोट किया जाता है कि प्राधिकारी ने उत्पाद के प्रत्येक रूप के लिए क्षति डेटा का विश्लेषण करके इसे प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के स्तर पर ला दिया है। इसके अलावा, मूल्य क्षति मापदंडों की जांच करने के लिए, प्राधिकारी ने उचित तुलना के लिए पीईडीए और प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के लिए डंपिंग मार्जिन, क्षति मार्जिन और मूल्य कटौती को अलग-अलग निर्धारित किया है और फिर भारित औसत निर्धारित किया गया है। पीईडीए और प्रीटिलाक्लोर टेक्निकल के आयात मूल्य की तुलना घरेलू उद्योग के पीईडीए और प्रीटिलाक्लोर की लागत और कीमत से की गई है।

116. हितबद्ध पक्षों ने क्षति रहित कीमत की गणना के संबंध में विभिन्न प्रस्तुतियां दी हैं। 22% प्रतिफल पर विचार के लिए प्रस्तुतीकरण के संबंध में, प्राधिकारी ने नोट किया कि उसने लगातार नियोजित पूंजी पर 22% प्रतिफल की अनुमति दी है। इस अभ्यास से विचलित होने का कोई औचित्य नहीं है और इसलिए वर्तमान जांच में भी इसे अपनाया गया है। इसके अलावा, उत्पादन की लागत की गणना के संबंध में, प्राधिकारी ने रखे गए अभिलेखों के अनुसार आवेदक की उत्पादन की पूरी लागत की जांच की है। प्राधिकारी ने स्वयं को संतुष्ट किया है कि ऐसे अभिलेख सामान्य रूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार हैं और विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन और बिक्री से जुड़ी लागतों को उचित रूप से दर्शाते हैं।

<u>निष्कर्ष</u>

117. उक्त रिकार्ड के अनुसार, प्राधिकारी के समक्ष किए गए अनुरोधों, प्रदत्त सूचना और उपलब्ध कराए गए तथ्यों के आधार पर और पाटन तथा घरेलू उद्योग को परिणामी क्षति के उक्त विश्लेषण के आधार पर प्राधिकारी के निष्कर्ष निम्नानुसार हैं:

i. विचाराधीन उत्पाद का दायरा चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "किसी भी रूप में प्रीटिलाक्लोर और इसका मध्यवर्ती "2,6-डायथाइल-एन-(2-प्रोपॉक्सी एथाइल) एनिलिन" (जिसे पीईडीए भी कहा गया है)" है।

ii. संबद्ध वस्तु का सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 के अंतर्गत कोई समर्पित वर्गीकरण नहीं है तथा इसके आयातों को 3808 9199, 3808 9390, 3808 9910, 3808 9990, 2921 4290, 2922 1990 तथा 2922 2990 के अंतर्गत सूचित किया जाता है।

iii. यह आवेदन मेसर्स इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है। आवेदक नियमावली के नियम 2(ख) के अंतर्गत घरेलू उद्योग है तथा आवेदन नियम 5(3) के अनुसार स्थिति के मानदंडों को पूरा करता है।

iv. चीन जन. गण. से निर्यातित संबद्ध वस्तु और घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित वस्तु, पाटनरोधी नियमावली, 1995 के नियम 2(घ) के अनुसार एक दूसरे के समान वस्तु हैं।

v. विषयगत आयातों की मात्रा में निरपेक्ष रूप से वर्ष 2021-22 में गिरावट आई, उसके बाद वर्ष 2022-23 में वृद्धि हुई तथा जांच अवधि में पुनः गिरावट आई। सापेक्षिक रूप से आयात में भी गिरावट आई है।

vi. विषयगत वस्तुओं के आयात से बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती हो रही है तथा जांच अवधि में कटौती का मार्जिन सकारात्मक एवं महत्वपूर्ण है।

vii. आयात से घरेलू बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों में गिरावट आ रही है।

viii. घरेलू उद्योग का उत्पादन वर्ष 2021-22 में बढ़ा है, वर्ष 2022-23 में और बढ़ा है तथा उसके बाद जांच अवधि में गिरावट आई है।

ix. घरेलू उद्योग का वर्तमान क्षमता उपयोग काफी निम्न स्तर पर है।

x. संपूर्ण क्षति अवधि में बाजार हिस्सेदारी उस मांग से काफी कम है जिसे घरेलू उद्योग पूरा करने में सक्षम है।

xi. संपूर्ण क्षति अवधि में घरेलू उद्योग की वित्तीय हानि, नकद हानि तथा ब्याज से पूर्व हानि में वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग नियोजित पूंजी पर नकारात्मक प्रतिफल के साथ परिचालन कर रहा है।

xii. घरेलू उद्योग के पास इन्वेंटरी का स्तर 2022-23 तक की क्षति अवधि में बढ़ा है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादन को निलंबित करने के कारण जांच की अवधि में इन्वेंटरी के स्तर में गिरावट आई है।

xiii. क्षति अवधि में कर्मचारियों की संख्या और मजदूरी में वृद्धि हुई है। प्रति कर्मचारी उत्पादकता और प्रति दिन उत्पादकता 2022-23 तक बढ़ी है और उसके बाद जांच की अवधि में गिरावट आई है।

xiv. घरेलू उद्योग ने जांच की अवधि में सभी मूल्य मापदंडों में महत्वपूर्ण नकारात्मक प्रतिकूल वृद्धि दर्ज की है।

xv. घरेलू उद्योग की पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता क्षीण हुई है।

xvi. ऐसा प्रतीत होता है कि किसी अन्य कारक ने घरेलू उद्योग को क्षति नहीं पहुंचाई है। यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग को विषय देश से विषय वस्तुओं के डंप किए गए आयातों के परिणामस्वरूप भौतिक क्षति हुई है।

xvii. पाटनरोधी शुल्क लगाने के कारण उपयोगकर्ताओं पर प्रभाव महत्वपूर्ण नहीं होगा।

ठ. <u>सिफारिशें</u>

118. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच शुरू की गई थी और सभी हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया गया था तथा उन्हें क्षति, कारणात्मक संबंध और उपायों के प्रभाव के पहलू के संबंध में सूचना देने का पर्याप्त अवसर दिया गया था। पाटनरोधी शुल्क नियमावली के अंतर्गत यथा निर्धारित पाटनरोधी जांच के प्रावधानों के अनुसार जांच शुरू करने और संचालित करने के बाद, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि संबद्ध वस्तु पर शुल्क लगाया जाना है। तदनुसार, प्राधिकारी विचाराधीन उत्पाद के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करते हैं।

119. इसके अतिरिक्त, एचएस कोड 3808 9199, 3808 9390, 3808 9910, 3808 9990, 2921 4290, 2922 1990 और 2922 2990 के अंतर्गत विचाराधीन उत्पाद के आयातों के संबंध में निकाले गए निष्कर्ष को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी इन कोडों के अंतर्गत आने वाले विचाराधीन उत्पाद के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क के संग्रहण की सिफारिश करते हैं।

120. अपनाए जाने वाले कमतर शुल्क नियम को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन में से जो भी कम हो उसके बराबर पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करते हैं ताकि घरेलू उद्योग को हुई क्षति को समाप्त किया जा सके। प्राधिकारी विषयगत देश में उत्पन्न या वहां से निर्यात किए जाने वाले विषयगत वस्तुओं के आयात पर नीचे संलग्न शुल्क तालिका के कॉलम 7 में उल्लिखित राशि के बराबर निश्चित प्रति-पाटन शुल्क लगाने की सिफारिश करते हैं, जो इस संबंध में केंद्र सरकार द्वारा इस संबंध में जारी की जाने वाली अधिसूचना की तारीख से 5 वर्ष की अवधि के लिए जारी किया जाएगा।

शुल्क तालिका

क्र.सं.	शीर्ष/ उप-शीर्ष	वस्तु का विवरण	मूलता का देश	निर्यात देश	उत्पादक / निर्यातक	राशि	माप की इकाई	मुद्रा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1.	2921 4290, 2922 1990, 2922 2990, 3808 9199, 3808 9390, 3808 9910, 3808 9990. *	*किसी भी रूप में प्रीटिलाक्लोर और उसकी मध्यवर्ती* "2,6-*डाइएथिल-एन-(2-प्रोपॉक्सी एथिल) एनिलिन*" (*जिसे पीएफडीए भी कहा जाता है)*	चीन जन. गण.	चीन जन. गण. सहित कोई देश	अनहुई फ़ुटियान एग्रोकेमिकल कंपनी लिमिटेड	1,305.6	एमटी	यूएसडी
2.	वही	वही	चीन जन. गण.	चीन जन. गण. सहित कोई देश	इनर मंगोलिया लैंग बायोटेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड	1,556.9	एमटी	यूएसडी
3.	वही	वही	चीन जन. गण.	चीन जन. गण. सहित कोई देश	लायन एग्रीवो (नान्चॉन्ग) कंपनी लिमिटेड	1,246.9	एमटी	यूएसडी
4.	वही	वही	चीन जन.	चीन जन.	हांग्जो न्यूट्रीकेम	1,976.2	एमटी	यूएसडी

			गण.	गण. सहित कोई देश	कंपनी लिमिटेड			
5.	वही	वही	चीन जन. गण.	चीन जन. गण. सहित कोई देश	कैपिटल इंडस्ट्री कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड, / शेडोंग क़ियाओचांग मॉडर्न एग्रीकल्चर कं, लिमिटेड, / शेडोंग क़ियाओचांग मॉडर्न इंटरनेशनल कं, लिमिटेड / क्यूसीसी शंघाई कं, लिमिटेड	1,591.2	एमटी	यूएसडी
6.	वही	वही	चीन जन. गण.	चीन जन. गण. सहित कोई देश	क्र.सं. 1, 2, 3, 4 एवं 5 को छोड़कर कोई अन्य उत्पादक	2,017.9	एमटी	यूएसडी
7.	वही	वही	संबद्ध देश से इतर कोई देश	चीन जन. गण.	कोई	2017.9	एमटी	यूएसडी

**नोट- सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल सांकेतिक है और पाटनरोधी शुल्क का निर्धारण विचाराधीन उत्पाद के विवरण के अनुसार किया जाएगा।*

121. इस अधिसूचना के प्रयोजनार्थ आयातों का पहुंच मूल्य सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52) के अंतर्गत सीमा शुल्क द्वारा यथा निर्धारित आकलन योग्य मूल्य होगा और इसमें उक्त अधिनियम की धारा 3, 8ख, 9, 9क के अंतर्गत लगाए गए शुल्कों को छोड़कर सभी सीमा शुल्क शामिल होंगे।

ड. <u>आगे की प्रक्रिया</u>

122. इस अंतिम जांच परिणाम पर आधारित प्राधिकारी के आदेश के विरुद्ध कोई अपील सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम के संगत प्रावधानों के अनुसार सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष की जाएगी।

दर्पण जैन

(दर्पण जैन)
निर्दिष्ट प्राधिकारी